संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 21 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 78 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com **राष्ट्रीय संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली के रामलीला मैदान में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से बुलाई गई महापंचायत में पहुंचे किसान नेता।

## 'अमृतपाल के आईएसआई से संबंध के सबूत मिले'

### अमृतपाल सिंह अभी भी फरार, पांच साथियों पर लगा एनएसए, विदेश से हुई फंडिंग, अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई में अब तक 114 लोगों को पकड़ा जा चुका है: पंजाब पुलिस

**टीम एक्श इंडिया/चंडीगढ़**
**कट्टरपंथी** अमृतपाल के खिलाफ पंजाब पुलिस का एक्शन जारी है। प्रदेशभर में पुलिस का पहरा है। कई जिलों में धारा-144 लागू है। मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवा ठप है। मगर अमृतपाल का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस बीच पंजाब पुलिस ने प्रेसवार्ता कर कुछ अहम जानकारी दी है। पंजाब पुलिस के आईजी सुखचैन सिंह गिल ने सोमवार को बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई में अब तक 114 लोगों को पकड़ा जा चुका है। इनमें चार लोगों को असम के डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। वहीं अमृतपाल के चाचा को डिब्रूगढ़ ले जाया जा रहा है।

डिब्रूगढ़ भेजे गए सभी लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति का माहौल है। स्थिति भी स्थिर है। कानून-व्यवस्था की कोई चुनौती नहीं है। 'वारिस पंजाब दे' के कुछ तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। इनके खिलाफ छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है।





#### विदेशी फंडिंग के सबूत मिले: आईजी सुखचैन

**आईजी** ने कहा कि हमें विदेशी फंडिंग का भी संदेह है। हालात को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें आईएसआई शामिल है और विदेशी फंडिंग भी गई है। अमृतपाल ने आनंदपुर खालसा फौज (एकेएफ) नाम से एक संगठन बनाने की कोशिश की। उसके घर के दरवाजे पर भी एकेएफ लिखा है। चार लोगों को असम के डिब्रूगढ़ भेज दिया गया। इनमें दलजीत कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह भुखनवाला और भगवंत सिंह का नाम शामिल है।

#### कनाडा में बैठे नेता दे रहे अमृतपाल मामले को हवा!

**टीम एक्शन इंडिया/कनाडा:** कनाडा में बैठे हुए वहां के सांसद पूर्व मंत्री और स्थानीय नेताओं समेत कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग पंजाब में अमृतपाल सिंह के मामले में खाद-पानी दे रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक, कनाडा और अमेरिका में बैठे लोगों ने न सिर्फ टूल किट के माध्यम से अभियान चलाया, बल्कि अमृतपाल मामले को ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसी बड़ी घटना से भी जोड़कर माहौल को हवा देने की कोशिश भी कर रहे हैं।

#### खालसा एड का नाम भी सामने आया

**केंद्रीय** खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, अमृतपाल मामले में दुनिया भर के अलग-अलग देशों से पंजाब में अस्थिरता बनाने के लिए माहौल खराब किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कनाडा के कई संगठन और कुछ नेताओं की ओर से पंजाब में बंद की गई इंटरनेट सेवाएं और धारा 144 को लगाए जाने पर न सिर्फ ट्वीट किए गए बल्कि उन ट्वीट की भाषा देश में माहौल खराब करने जैसी ही मिली। सुरक्षा एजेंसियों के पास पहुंचे इनपुट के मुताबिक कनाडा के नेता जगमीत सिंह ने पंजाब में बंद की गई इंटरनेट सुविधाओं पर ट्वीट किया है। उनके ट्वीट में इस बात का जिक्र है कि इंटरनेट ब्लैकआउट करके भारत ने लोगों की इंटरनेट स्वतंत्रता को रोक दिया है। इसके अलावा उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को 1984 में हुए सिख दंगों से भी जोड़ा है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक जगमीत सिंह ही नहीं बल्कि कनाडा से खालसा एड नाम की संस्था चला रहे जिंदी सिंह ने भी ट्वीट करके सिख युवाओं को भड़काने का काम किया है।

## छठे दिन भी नहीं चली संसद

### व्यवधान के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** और राज्यसभा में (सोमवार) छठे दिन भी कार्यवाही बाधित रही। दोनों सदनों की कार्यवाही पहले दो बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में अडाणी मुद्दे को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि अगर वे सदन को चलाने देने के पक्ष में हैं तो तख्तियां लेकर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और पक्ष-विपक्ष को उनके चेंबर में आकर चर्चा कर समाधान निकालना चाहिए। सदन की कार्यवाही पहले 2 बजे तक के लिए स्थगित हुई और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें स्थगन के 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें से 9 कांग्रेस के हैं। उन्होंने सदन की जैसे ही कार्यवाही आगे चलानी चाही विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को अपराह्न 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बाद में उप सभापति ने दोपहर में कार्यवाही चलानी चाहिए लेकिन हंगामा होते देख उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

#### 'जानबूझकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है सत्ता पक्ष'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि सत्ता पक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सरकार विपक्ष के किसी सवाल का जवाब देना नहीं चाहती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व सदन के उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने सोमवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 13 मार्च से सत्तापक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सब पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा है।

## राहुल गांधी को हीरो बना रही भाजपा: ममता



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी के कैम्ब्रिज में दिए बयान को लेकर संसद की कार्यवाही खुद रोक रही है। बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हीरो बनाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी विपक्ष के लीडर बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई टारगेट नहीं कर सकता। ममता के इसी बयान पर सोमवार को कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तंज कसा है कि ममता ईडी-सीबीआई से बचना चाहती हैं, उनकी कोशिश पीएम मोदी को खुश करना है। अधीर ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी ये मोदी के आदेश पर कह रही हैं। ममता बनर्जी और पीएम मोदी में एक करार हुआ है।

## उमेश मर्डर: शूटर के घर पर चला बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज** में उमेश पाल हत्याकांड के शूटर मोहम्मद गुलाम का घर सोमवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। घर से सटे उसके 10 कमरे वाले लॉज को भी गिराया गया। गुलाम पर 5 लाख रुपए का इनाम है। वह 25 दिन से फरार है। उमेश शूटआउट के समय गुलाम दुकान में सिर पर टोपी पहनकर खड़ा था। उसने दुकान से निकलकर उमेश पर दूसरा फायर किया था। पहला फायर विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने किया था। **मां बोली- एनकाउंटर हो जाए, तो लाश लेने नहीं आऊंगी:** बुलडोजर कार्रवाई के दौरान गुलाम की मां खुशनुदा ने कहा, "जिसकी उसने (बेटे ने) हत्या की है वह भी किसी का बेटा था। अगर पुलिस मेरे बेटे का एनकाउंटर कर दे, तो मैं उसकी लाश लेने नहीं आऊंगी। मुझे बहुत अफसोस है कि उमेश पाल हत्याकांड में मेरे बेटे का नाम आया है।"

## अमृता को ब्लैकमेल करने वाली डिजाइनर का पिता गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को रिश्वत देने और ब्लैकमेल करने वाली डिजाइनर के पिता अनिल जयसिंघानी को गिरफ्तारी कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने अनिल को सोमवार को गुजरात से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अनिल पर पहले से 14 से 15 मामले लंबित हैं। हालांकि मामले में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने 16 मार्च को डिजाइनर अनिक्षा जयसिंघानी को गिरफ्तार कर लिया था।

## कृषि मंत्री से मीटिंग के बाद किसानों की महापंचायत खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के रामलीला मैदान में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से बुलाई गई महापंचायत खत्म हो गई है। दोपहर को मोर्चे के 15 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि भवन में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की। यहां किसानों ने कृषि मंत्री को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कर्ज माफी जैसी मांगों का पत्र सौंपा। एसकेएम ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो उन्हें फिर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उधर, एसकेएम ने 30 अप्रैल को दिल्ली में एक और बैठक बुलाई है। **कृषि कानून के विरोध में हुए आंदोलन से बड़े आंदोलन की चेतावनी दी:** किसान नेता दर्शन पाल ने महापंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी कई मुद्दे हैं, जिनका समाधान निकाला जाना बाकी है।

#### आंदोलन की चेतावनी

**= किसानों ने कृषि मंत्री को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कर्ज माफी जैसी मांगों का पत्र सौंपा**

## 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की बन रही है योजना: अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**खेल** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। भंडारा जाते समय ठाकुर ने रविवार को नागपुर में प्रेस से मुलाकात की और कहा, केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र शुरू करना है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार का ध्यान खेलों को बढ़ावा देने पर है। 2014 में 900 करोड़ का खेल बजट बढ़कर 3,397 करोड़ हो गया। यहां तक कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) की पंचवर्षीय योजना को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है। जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने पर ठाकुर ने कहा, सरकार टॉप्स योजना के जरिए देश के एलीट एथलीटों को सब कुछ मुहैया करा रही है।

## ओआरओपी एरियर का जल्द भुगतान करे केंद्र सरकार: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को केंद्र सरकार को वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत एरियर यानी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने बकाये के भुगतान पर बंद लिफाफे में दी गई केंद्र सरकार का नोट स्वीकार करने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस नोट को दूसरे पक्ष यानी रिटायर्ड सैनिकों के वकील के साथ भी शेयर करना होगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ओआरओपी के तहत एरियर्स के बकाया भुगतान के लिए इंडियन एक्स-सर्विसमेन मूवमेंट की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, 'हमें सुप्रीम कोर्ट में इस बंद लिफाफे वाले चलन को बंद करना होगा। ये मूलरूप से निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया की व्यवस्था के खिलाफ हैं।' चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं निजी तौर पर बंद लिफाफों के चलन के खिलाफ हूं। कोर्ट में पारदर्शिता होनी चाहिए। ये आदेशों को लागू करने के बारे में हैं। इसमें गोपनीय क्या हो सकता है।' कोर्ट ने कहा है कि योग्य फैमिली पेंशनर्स और गैलेंट्री अवॉर्ड विजेताओं को 30 अप्रैल, 2023 तक एरियर का भुगतान करें।

## जापानी पीएम ने मोदी को जी-7 समिट में बुलाया

### प्रधानमंत्री मोदी ने न्योता स्वीकारा, गिफ्ट में चंदन से बनी बुद्ध की मूर्ति दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जापान** के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा 2 दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने राजघाट पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हैदराबाद हाउस में किशिदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों लीडर्स के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किशिदा को चंदन से बनी बुद्ध की प्रतिमा गिफ्ट में दी। जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा- मैंने आज पीएम मोदी को हिरोशिमा में होने वाले जी-7 समिट के लिए न्योता दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मैं भारत की धरती से आजाद इंडो-पैसिफिक को लेकर अपना विजन साझा करूंगा। वहीं पीएम मोदी ने कहा- मैं पीएम किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। मेरी उनसे पिछले एक साल में कई बार मुलाकात हुई है। इस दौरान मुझे हमेशा दोनों देशों के बीच संबंध को लेकर पॉजिटिविटी महसूस हुई।



## लिव-इन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इसे अव्यवहारिक बताया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह कैसी याचिका है? किसी भी तरह की याचिका दायर की जा रही है। हम ऐसी याचिकाओं पर जुर्माना लगाना शुरू कर देंगे।

**दिया जवाब** प्रदेश सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रयासरत है: उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

## ई वाहनों की बिक्री के लिए फिलहाल कोई प्रोत्साहन योजना नहीं: अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**
**उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रयासरत है ताकि प्रदेश में ऐसे वाहनों के लिए एक ईको सिस्टम बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल राज्य सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने अथवा ऐसे वाहनों के लिए पब्लिक चार्जिंग प्वाइंट लगाने के लिए कोई प्रोत्साहन योजना नहीं है। मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक चैतन्य शर्मा द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन विभाग ने राज्य में उच्च मार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग का आधारभूत ढांचा स्थापित करने के लिए 208 स्थानों का चयन किया है। बाद में ऐसे चार्जिंग प्वाइंट की संख्या बढ़ाकर 400 तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राज्य में ईको सिस्टम तैयार करने के लिए सरकार और अधिक जमीन सरकारी विभागों के नाम तब्दील करने की प्रक्रिया में है। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत चार पंचायतों हारचक्कियां, लपियाणा, परगौड़ और ठेहड़ की जलशक्ति मंडल ज्वाली द्वारा मध्यम सिंचाई योजना सूखा हार की 223.49 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की 17 और देहरा की दो पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसे राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में मंजूरी के लिए भेज दिया गया है।






# अब दादा लखमीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विवि नाम होगा

## हरियाणा विधानसभा में दो विधेयक पारित, एक किया गया पेश, प्रदेश सरकार ने पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विवि का नाम बदला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** विधान सभा के बजट सत्र में सोमवार को दो विधेयक पारित किये गए। इनमें पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक (संशोधन) विधेयक, 2023 व हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2023 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सदन में हरियाणा विद्यालय शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2023 प्रस्तुत किया गया। सदन में इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक अधिनियम, 2014 को संशोधित करने के लिए पंडित लखमीचंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया गया। राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक की स्थापना डिजाइन, ललित कला, फिल्म और टेलीविजन, नगरीय योजना और वास्तुकला के नये मोर्चों पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ उच्चतर शिक्षा के उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और अनुसंधान को सुगम बनाने तथा प्रोत्साहित करने और इन क्षेत्रों और संबंधित क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए चार संस्थानों अर्थात राज्य ललित कला संस्थान, राज्य डिजाइन संस्थान, राज्य फिल्म और टेलीविजन संस्थान तथा राज्य नगरीय योजना और वास्तुकला संस्थान को मिलाकर सरकारी तकनीकी संस्था (संस्थाओं) सोसाइटी, रोहतक के एकीकृत परिसर को अपग्रेड कर-के हरियाणा राज्य विधानमंडल (2014 के अधिनियम 24) के एक अधिनियम द्वारा की गई थी। ये चारों संस्थान 240 छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता के साथ वर्ष 2011 में शुरू हुए थे तथा महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से संबद्ध थे।

राज्य सरकार द्वारा शिक्षण और प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास, गेस्ट हाउस, कर्मचारी आवास इत्यादि के निर्माण के लिए 35.97 एकड़ भूमि प्रदान की गई है और इन संस्थानों को 100 प्रतिशत अनुदान सहायता प्रदान कर रही थी। यह विश्वविद्यालय प्रदर्शन और दृश्य कला तथा मास मीडिया के क्षेत्र में देश के अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में उभर रहा है।

पंडित लखमी चंद की दादा लखमी चंद के रूप में लोकप्रियता को देखते हुए, अब सरकार ने पुनः विश्वविद्यालय का नाम दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक के रूप में करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय का नाम संशोधित करके पंडित लखमी चंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक से दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन और दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक किया जाएगा।



### विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया

**हरियाणा** नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन अधिनियम, 1975 को संशोधित करने के लिए हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया गया। अन्तरणीय विकास अधिकार (टी.डी.आर.) प्रबंधन प्रणाली के ऑनलाइन संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए, 1975 के अधिनियम में कुछ आवश्यक संशोधन किए जाने जरूरी थे। इसलिए विक्रय, व्यापार, नीलामी तंत्र के माध्यम से टीडीआर प्रमाण-पत्र का हस्तांतरण व विक्रय को संभव बनाने तथा क्रेता की भौगोलिक स्थिति पर अनजाने में लगाए गए प्रतिबंध को सुधारने के लिए धारा 2 के खण्ड (एन-2) में संशोधन किया है। इसके अनुसार किसी स्वामी, जो किसी मुआवजे का दावा किए बिना सरकार में निहित करने के लिए ऐसी जमीन सौंप देता है, को दिए गए विकास अधिकारों का प्रमाण-पत्र तथा ऐसे विकास अधिकार स्वामी द्वारा बेचे या व्यापार या नीलाम किए जा सकते हैं। इसके अलावा, विभाग के ऑनलाइन कार्यों के वितरण को सक्षम करने के लिए अधिनियम की धारा 8 ए की मौजूदा उप-धारा (1) को प्रतिस्थापित करने का प्रस्ताव है।

# भारतीय सेना में युवाओं के लिए रोजगार के आपार अवसर: मलिक

**सिरसा:** चौ0 देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा की एनसीसी विंग द्वारा राष्ट्र के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए शहीदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीसरी हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार हरियाणा के कमान्डिंग ऑफिसर कर्नल धर्मेंद्र सिंह मलिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। एनसीसी कैडेट्स द्वारा देश भक्ति के ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। टीचिंग ब्लॉक 4 में एनसीसी कार्यालय का भी उद्घाटन भी किया गया। कर्नल धर्मेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि भारतीय सेना में युवाओं के लिए रोजगार के आपार अवसर हैं और विद्यार्थी एनसीसी लेकर डायरेक्ट साक्षात्कार के माध्यम से सेना में ऑफिसर के पद पर भर्ती हो सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.राजेश बंसल ने कहा कि युवाओं को न केवल नए कौशल को विकसित करना चाहिए।

# गुहला चीका में गिरे ओले, गेहूं की फसल को नुकसान

## 25 मार्च को फिर से बिगड़ सकता है प्रदेश का मौसम, तापमान में 10 डिग्री की गिरावट हुई

**टीम एक्शन इंडिया**/कैथल
पश्चिमी विक्षोभ के कारण कैथल में 2 घंटे से अधिक हुई बरसात वह तेज हवाओं के कारण गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा है। गुहला चीका के इलाके में भारी ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल बिछ गई। शहरी इलाके में तेज बरसात के कारण सड़कों पर पानी भर गया। बरसात के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तापमान में 10 डिग्री की गिरावट हुई। दोपहर 12 बजे के बाद आसामन पर काले बादल छाने व तेज हवाओं के चलने के साथ रूक-रूककर हुई जोरदार बरसात से किसानों के चेहरों पर हवाईयां उड ?ी शुरू हो गई और बरसात के चलते फसलें तेज हवाओं के साथ खेतों में नीचे गिर गई। किसान रामपाल, शेर सिंह, नसीब सिंह ने बताया कि बरसात से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, क्योंकि फसलों



पर दाना आ चुका है और बरसात के कारण फसलें नीचे गिरने से दाने झड़ रहे है। जिस कारण पैदावार भी प्रभावित होगी और नुकसान होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने बताया कि अभी गेहूं की फसल को ज्यादा नुकसान है। उन्होंने कहा कि वे इस बरसात को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों से सर्वे करवाएंगे। इसके बाद ही ज्यादा बता पाएंगे। उन्होंने जिले के एक दो जगहों पर ओले गिरने की बात भी कही।

**गुहला चीका में भारी ओलावृष्टि, गेहूं की फसल पर संकट:** गुहला चीका में ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। लगभग पकने को तैयार खड़ी गेहूं की फसल भारी वर्षा के कारण पानी में डूब चुकी है। भागल और उसके आसपास के गांवों में भारी ओलावृष्टि ने फसल को बिल्कुल बर्बाद करके रख दिया है। भागल गांव के सरपंच सुदेश शर्मा, किसान नेता कर्मजीत अंटाल, बहादुर सिंह पूर्व सेनिक सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि आज उनके गांव में इतनी ओलावृष्टि हुई कि पूरे रास्ते और पूरे खेत ओलावृष्टि से ढके गए और उनकी फसलों का जबरदस्त नुकसान हुआ है।

> 8 भारी ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल बिछ गई। शहरी इलाके में तेज बरसात के कारण सड़कों पर पानी भर गया

किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि उनकी फसलों की गिरदावरी करवाकर शीघ्र नुकसान का जायजा ले उसकी भरपाई की जाए।

उधर गुहला चीका मे लगभग 2 घंटे से ज्यादा समय से चल रही भारी बरसात ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर के रख दिया है।

# रेलवे एसपी संगीता कालिया सहित छह पुलिस कर्मचारियों पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिले के बि**चपड़ी गांव निवासी रेलवे पुलिस के रिटायर्ड इंस्पेक्टर रघुबीर सिंह सुसाइड केस में अंबाला रेलवे पुलिस अधीक्षक संगीता कालिया सहित छह पुलिस कर्मचारियों पर मामला दर्ज किया गया है। रघुबीर सिंह ने शुक्रवार को रेल के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया था। एफआईआर कॉपी मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सोमवार को उसके शव का दाह संस्कार किया। ग्रामीण कई दिन से आंदोलनरत थे और अंतिम संस्कार न करने पर अड़े थे। रेलवे पुलिस ने मृतक रघुबीर सिंह के साले सूबे सिंह के बयान पर अंबाला रेलवे एसपी संगीता कालिया, डीएसपी गुरदयाल सिंह,



एसआई कश्मीर सिंह, ईएसआई महेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि इनकी प्रताड़ना से तंग आकर रघुबीर ने सुसाइड किया था। सूबे सिंह ने बताया कि उसका जीजा रघुबीर सिंह हरियाणा रेलवे पुलिस से रिटायर्ड कर्मचारी था। उसके जीजा उसे बताते थे कि हेड कांस्टेबल सुरेंद्र उससे रंजिश रखते थे। इस रंजिश के चलते ही पुलिस कर्मचारी सुरेंद्र व महेंद्र ने एसएचओ नरेश से एक झूठी रिपोर्ट तैयार करके और डीएसपी जीआरपी हिसार से फारवर्ड करवाकर 14 जुलाई 2022 को बुधदेव रीडर को दी। इस पर उसके जीजा रघुबीर सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने बताया कि एसपी संगीता कालिया सहित छह पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रताड़ित करने व झूठे केस में फंसाने से परेशान होकर उसके जीजा रघुबीर सिंह ने रेल के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया।

# कुरुक्षेत्र जेल से 3 बंदी रात को फरार

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
हरियाणा के कुरुक्षेत्र की जेल से बीती रात 3 कैदी फरार हो गए। भागने वालों की पहचान रोहित, रजत कुमार व सबर अली के तौर पर हुई है। तीनों बंदी योजना बनाकर बीती रात कुरुक्षेत्र जेल से फरार हो गए हैं। शहर थाना थानेसर में कुरुक्षेत्र जेल डीएसपी शिवेंद्र पाल सिंह की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस तीनों की तलाश कर रही है। तीनों शाहबाद के रहने वाले हैं और चोरी के केसों में जेल आए थे। तीनों के फरार होने में जेल प्रशासन की लापरवाही सामने आयी है। इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है कि तीनों जेल से कैसे निकले। सुबह बंदियों की गिनती हुई तो तीन बंदी कम मिले। इसके बाद जेल प्रशासन में

> 8 शहर थाना थानेसर में कुरुक्षेत्र जेल डीएसपी शिवेंद्र पाल सिंह की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया है

हड़कंप मच गया। जांच में पता चला कि रोहित, रजत कुमार व सबर अली जेल से भाग गए हैं। माले की सूचना जिला पुलिस और आला अधिकारियों को दी गई। पुलिस ने इसके बाद नाकबांदी की ओर बंदियों की तलाश शुरू। पुलिस अफसर छानबीन के लिए जेल पहुंचे। डीआईजी जगजीत सिंह ने कहा कि तीनों फरार होने वाले कैदी शाहाबाद के रहने वाले हैं और नशेड़ी किस्म के युवक हैं। एक युवक को चोरी के आरोप में 1 महीने पहले ही जेल में लाया गया था।

# 'हर बूथ पर 5 युवाओं को जोड़ेगी युवा कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**हरियाणा** युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए कमर कस लें। सरकार की कुनीतियों के बारे में युवाओं को जानकारी दें। बुद्धिराजा सोमवार को कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस के बूथ जोड़ो-यूथ जोड़ो अभियान का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित युवा कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस भवन पहुंचने पर कार्यकताओं ने बुद्धिराजा का जोरदार स्वागत किया।

मौजूदा भाजपा शासन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी के कारण युवा परेशान है। महंगाई बढ़ती जा रही है। सरकार केवल कागजी दावे करने में जुटी हुई है। दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि प्रदेश, जिला और विधानसभा स्तर पर युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बन चुकी हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके जिला सिरसा के मत्स्य पालक किसान की प्रशंसा की

## जिला मत्स्य पालक किसान अब देश में दूसरों के लिए उदाहरण के रूप में उभर रहे हैं, किसानों की इस मुहिम की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रशंसा की है

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
**सांसद** सुनीता दुग्गल ने बताया कि लवणीय भूमि और खारे पानी की समस्या को जिला सिरसा के किसानों ने अवसर के रुप में पहचाना है। जिला मत्स्य पालक किसान अब देश में दूसरों के लिए उदाहरण के रुप में उभर रहे हैं। किसानों की इस मुहिम की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रशंसा की है, जो जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके कहा कि




> 8 उन्होंने जिला के दूसरे किसानों से भी आह्वान किया वे भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं

'सिरसा में हमारे किसान भाई-बहनों का यह प्रयास जहां पीएम मत्स्य संपदा योजना के फायदों को सामने लाता है, वहीं महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक है। उन्होंने बताया कि गांव चौरमार खेड़ा के मत्स्य किसान मनप्रीत सिंह पुत्र नक्षत्र सिंह ने झींगा पालन को अपनाया है और आज वे प्रगतिशील किसान के रुप में उभर रहे हैं। मत्स्य पालक किसान मनप्रीत सिंह ने बताया कि पहले वे कई वर्षों से सामान्य खेती करते थे, लेकिन बाद में उन्हें खारे पानी में झींगा पालन व सरकार की पीएम मत्सय संपदा योजना के बारे में जानकारी मिली तथा उन्होंने झींगा पालन को अपनाया। इसमें सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल व मत्स्य विभाग का बहुत अधिक सहयोग रहा है।

# सूर्या रोशनी ने भारत की लाइटिंग से जुड़ी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए हाई वॉटेज बैटन लॉन्च की

**सूर्या रोशनी** लाइटिंग, फैन, घरेलू उपकरणों, स्टील पाइप और स्टब पाइप्स के क्षेत्र में भारत के सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक, सूर्या रोशनी अपने ग्राहकों के जीवन को सरल और स्वस्थ बनाने के लिए अपने अनुभव, तकनीक और इनोवेशन का उपयोग कर रहा है। अपने सिद्धांतों पर चलते हुए, ब्रांड ने हाल ही में समाज के प्रमुख तबकों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने का प्रयास किया है। इस अध्ययन से सभी आयु वर्गों के बीच उज्ज्वल और पर्याप्त रोशनी की आवश्यकता का यह निष्कर्ष निकला चाहे वह कारीगर हो या कोई शिल्पकार युवा हों, वरिष्ठ नागरिक जिन्हें पढ़ने और अपने दैनिक काम करने के लिए अधिक रोशनी की आवश्यकता हो या प्याज काटने, बुनाई, लगातार पढ़ने, आदि जैसे बारीक काम करने वाले कोई भी व्यक्ति हों, सभी को उच्च गुणवत्ता और पर्याप्त प्रकाश की आवश्यकता होती है, जिसे सूर्या समझता है और उन आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करता है। कंपनी ने हाल ही में मेटालिका सीरीज के साथ अपनी हाई वॉटेज बैटन की व्यापक रेंज पेश की। प्रोडक्ट की रेंज 20 से 60 वॉट तक है।




# पलवल: मौसम की करवट से किसान परेशान

**पलवल:** सोमवार की सायं अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश होने से तापमान गिर गया और ठंड वापस लौट आई है। बदले मौसम में लोगों को गर्म कपड़े फिर निकालने पड़ गए। ज्यादा बारिश से पकी हुई तैयार फसलों को नुकसान हो सकता है। किसान सुरेंद्र कुमार का कहना है कि सांय होते-होते तेज हवाएं चलने लगी। जिसके बाद आसमान में घनघोर घटाओं के साथ अचानक से बारिश का दौर शुरू हो गया। मौसम में आए अचानक बदलाव से एक तरफ आम जन को गर्मी से कुछ राहत मिली है, तो दूसरी ओर फसल कटाई के समय बारिश होने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।

# एनएच-48 पर पंचगाव के समीप अवैध कट बंद करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पंचगाव के समीप अवैध रूप से बने कट को तुरंत प्रभाव से बंद करने के डीसी ने निर्देश दिए है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट का इस्तेमाल वाहन चालक यू-टर्न के रूप में इस्तेमाल करते हैं, जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी इस कट को शीघ्रता से बंद करें। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिला में हुए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने



सभी स्कूल बसों में नियुक्त चालकों व सहायकों की पुलिस वैरिफिकेशन, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच, फर्स्ट एड किट, सीसीटीवी, जीपीएस आदि की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही स्कूलों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज व अन्य स्टाफ की सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर कार्यशाला भी आयोजित की जाए। जिला में सब डिविजनवार यह कार्यशाला आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने पिछली बैठक के एजेंडे में शामिल बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान सोहना-तावडू मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों को एनएच-248ए का विकल्प उपलब्ध कराने पर भी विचार किया गया। इसी तरह शंकर चौक पर पैदल यात्रियों के लिए पारपथ बनाने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया। डीसी ने आरडी सिटी के रोड पर अवैध कटों को बंद करने व लेबर चौक को शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में शामिल अधिकारियों व अन्य सदस्यों से गुरुग्राम में यातायात के सुचारू आवागमन को लेकर भी आवश्यक सुझाव लिए और उन्हें आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की बात कही।

# छोटी काशी भिवानी की धरती से देश मिलेगा प्राकृतिक खेती अपनाने का संदेश

## इस महायज्ञ में 23 मार्च को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
राधा स्वामी सत्संग दिनोद के परम संत हुजूर कंवर साहेब महाराज द्वारा यहां राधा स्वामी भवन में जन कल्याण, जहरमुक्त प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक संत महात्माओं के सानिघ्य में 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में 23 मार्च को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा छोटी काशी से राधा स्वामी के लगभग 11 हजार अनुयायियों को जहर मुक्त प्राकृतिक खेती करने की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी। महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत द्वारा हवन में आहुति डालने के साथ-साथ 108 हवन कुण्ड के साथ ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जो शहर में पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक खेती अपनाने का संदेश देंगे।



उल्लेखनीय है कि राधा स्वामी सत्संग से जुड़े अनुयायी सदाचार जीवन, नशा मुक्ति, माशाहार को त्यागना, चोरी न करना व कन्याभ्रूण हत्या न करने आदि पांच नियमों का पालन करते हैं। इसी कड़ी में आश्रम द्वारा अपने खेती से संबंधित अनुयायियों से हवन यज्ञ के माध्यम से छठे नियम के तौर पर जहर मुक्त प्राकृतिक खेती करने का एक आह्वान किया जाएगा। हवन यज्ञ में 23 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत स्वयं गौ आधारित प्राकृतिक खेती करते हैं। इसके साथ ही आचार्य देवव्रत द्वारा समय-समय पर अपने कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों से गौ आधारित खेती करने की अपील की जाती है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। आचार्य देवव्रत के साथ संत महात्माओं द्वारा हवन यज्ञ के माध्यम से किसानों व आमजन से हवा, पानी, खेती, रसोई व पार्यावरण संरक्षण के लिए आह्वान किया जाएगा। प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए इतना बड़ा आयोजन शायद पहली बार हो रहा, जिसमें 11 हजार से ज्यादा लोगों को शपथ दिलवाई जाएगी। इसके लिए 108 हवन कुण्ड बनाए गए हैं।

> 8 राधा स्वामी के लगभग 11 हजार अनुयायियों को जहर मुक्त प्राकृतिक खेती करने की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी

# भारत देश को विश्व में एक अलग ही पहचान मिली है: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
**पलवल** के छपरौला गांव में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। गांव की महिला सरपंच प्रतिभा के ससुर रामसिंह की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश में 70 वर्ष बनाम 9 वर्ष के विकास कार्यों की तुलना करते हुए कहा कि दुनिया आज देख रही है कि आज देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार निर्णायक फैसले ले रही है। पहले की सरकार में सिर्फ इतने लाख करोड़ रुपए का घोटाला, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता सड़कों पर उतरी। यह बात केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव छपरौला में सोमवार को आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। इस अवसर पर छपरौला गांव की पंचायत द्वारा रखे गए मांग पत्र पर स्कूल के अपग्रेडेशन सहित तमाम मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के शासन में लोग दुखी और परेशान थे। किसानों को यूरिया लेने के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता था। कांग्रेस सरकार द्वारा यूरिया खाद की कालाबाजारी की जाती थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सबका साथ-सबका विकास के तहत पलवल जिले में विकास का पहिया घूम रहा है। जिले में अनेक परियोजनाओं पर काम पूरा किया गया है। मंत्री गुर्जर ने कहा कि पहले चुनाव को देखते हुए किसानों के कर्ज माफी की घोषणाएं होती थी।

> 8 मंत्री गुर्जर ने कहा कि पहले चुनाव को देखते हुए किसानों के कर्ज माफी की घोषणाएं होती थी

# व्यवस्था परिवर्तन के ऐतिहासिक 100 दिन

#GreenBudget



11 दिसंबर, 2022 को ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने अपने पहले ही दिन दिखा दिया कि विकास, सुशासन और जन कल्याण उनकी प्राथमिकता है। व्यवस्था परिवर्तन के दृढ़ इरादों को कार्यान्वित करने के लिये यह सरकार 100 दिनों के 2400 घंटों में जनहित के लिये काम करने में जुटी रही है। परिणाम स्वरूप इन 100 दिनों में ही हिमाचल में युगांतरकारी बदलाव देखने को मिले हैं।

## सुख की सरकार
## हिमाचल सरकार

## OPS बहाल

एनपीएस के 1.36 लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना में शामिल।

## सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार

7,000 विधवा और एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए ₹1.50 लाख।

विधवाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन आयु सीमा समाप्त।

## युवाओ को रोज़गार

2023-24 में 30 हज़ार सरकारी नौकरियां।

निजी क्षेत्र में 20 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 90 हज़ार युवाओं को रोज़गार।

## मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष

₹101 CRORE का प्रावधान

लगभग 6000 अनाथ बच्चे बनेगें 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट'। उनकी उच्च शिक्षा, जेब खर्च, स्वरोज़गार तथा गृह निर्माण के लिए चार बिस्वा भूमि सहित तीन लाख रुपये की सहायता। वृद्धाश्रमों और अनाथ आश्रमों के आवासियों, निराश्रित महिलाओं एवं मूक-बधिर बच्चों को कपड़े खरीदने के लिए 10-10 हज़ार रुपये।

## हिम गंगा योजना से श्वेत क्रांति

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ₹500 करोड़ का प्रावधान।

नए दूध प्रोसेसिंग प्लांट होंगे स्थापित और स्तरोन्नत।

पशु अस्पतालों में 44 मोबाइल वैन सेवा प्रारंभ।

## लोगों को स्वच्छ पेयजल

सभी पेयजल योजनाओं में फिल्टर और यूवी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का होगा उपयोग।

इन योजनाओं के उचित रख-रखाव के लिए विभिन्न श्रेणियों के 5,000 पद भरे जाएंगें।

मनाली, बिलासपुर, पालमपुर, नाहन और करसोग में सीवरेज स्कीमों का होगा निर्माण।

## भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह शासन

परीक्षा प्रश्न-पत्र लीक होने के मामले सामने आने पर हि.प्र. कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर भंग।

## मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना

छोटे दुकानदारों को ₹50 हजार तक के ऋण पर 50% अनुदान। प्रदेश के 75 हजार लघु दुकानदार जैसे दर्जी, नाई, रेहड़ी-फड़ी वाले और किराना दुकान वाले होंगे लाभान्वित।

## हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने का संकल्प

जलविद्युत, हाईड्रोजन और सौर ऊर्जा का दोहन।

सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए 40% सब्सिडी।

इलेक्ट्रिक बसों, ट्रकों और टैक्सियों की खरीद पर सब्सिडी।

ग्रीन हाइड्रोजन नीति - प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो ग्रीन ग्राम पंचायतों को विकसित किया जाएगा।

## पर्यटन विस्तार की दिशा में अभिनव प्रयास

मंडी और कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भू-अधिग्रहण प्रक्रिया होगी आरंभ।

सभी ज़िला मुख्यालयों पर हेलीपोर्ट का होगा निर्माण।

एशियन विकास बैंक के ₹1311 करोड़ की लागत से कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू, शिमला, मंडी सहित अन्य ज़िलों में धरोहर स्थलों का सौंदर्यीकरण और इको-पर्यटन की कार्य योजना।

## निजी निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन

नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की सुविधा के लिए ब्यूरो ऑफ प्रमोशन।

'एक जिला एक उत्पाद' को प्रोत्साहन देने के लिए यूनिटी मॉल का होगा निर्माण।

स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों की बिक्री के लिए 50 हिम-ईरा दुकानें।

युवाओं को 500 चिन्हित बस रूटों पर ई-वाहन चलाने के लिए परमिट होंगे जारी। प्रदेश में 12 बस अड्डों का होगा निर्माण।

## बेहतर और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं

मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन विभाग को स्तरोन्नत कर इमरजेंसी मेडिसन विभाग होगा स्थापित।

100 करोड़ रुपये से हमीरपुर, नाहन व चम्बा मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य होगा पूरा।

सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान होगा विकसित।

## हिमाचल बजट 2023-24
## प्रमुख घोषणाएँ

- कांगड़ा पर्यटन राजधानी के रूप में होगा विकसित
- सभी मेडिकल कालेजों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल
- 2.31 लाख महिलाओं को ₹1500 मासिक पेंशन
- युवाओं को रोज़गार देने के लिए मुख्यमंत्री रोज़गार संकल्प योजना
- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हिम गंगा योजना
- ₹20 हजार मेधावी छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने पर ₹25 हजार सब्सिडी
- 1000 मेगावाट क्षमता वाली जलविद्युत परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा
- सभी मेडिकल कालेजों के कैजुअल्टी विभाग को आपातकालीन चिकित्सा विभाग में करेंगे अपग्रेड
- ₹40 हजार नव पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का मिलेगा लाभ

## कृषि, बागवानी पशुपालन को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत जालदार बाड़ पर उपदान।

किसानों को ट्रैक्टर 50% और मछली तालाबों के निर्माण पर 80% उपदान।

कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्रों में स्टार्ट-अप शुरू करने पर दो प्रतिशत की दर से ऋण।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान

हर विधानसभा क्षेत्र में खुले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल में अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों की सुविधा उपलब्ध होंगी।

10 हज़ार मेधावी विद्यार्थियों तथा प्राइमरी स्कूलों के 17,510 अध्यापकों को टैबलेट्स।

स्कूलों में 40 हज़ार बच्चों के लिए डैस्क।

## सड़क निर्माण को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री सड़क एवं रख-रखाव योजना के तहत 2023-24 में ₹200 करोड़ होंगे खर्च।

चरण-1 और 2 के अर्न्तगत 150 कि. मी. नई सड़कों व 9 पुलों का होगा निर्माण।

200 कि. मी. सड़कों पर क्रॉस ड्रेनेज कार्य तथा 650 कि. मी. सड़कों का उन्नयन।

पीएमजीएसवाई चरण-3 के अर्न्तगत प्रदेश में ₹422 करोड़ की लागत से 440 कि. मी. लम्बी 45 सड़के स्वीकृत।

नाबार्ड के अर्न्तगत 250 कि. मी. लम्बी नई सड़कों व 27 पुलों का होगा निर्माण।

## मनरेगा श्रमिकों की दिहाड़ी में वृद्धि

मनरेगा दिहाड़ी ₹212 से बढ़ाकर ₹240

प्रदेश में 9 लाख मनरेगा श्रमिक हैं जिनमें 65 फीसदी महिलाएं

जनजातीय क्षेत्रों में दिहाड़ी ₹266 से बढ़ाकर ₹294

जारीकर्ता: सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार www.himachalpr.gov.in HimachalPradeshGovtIPRDept diprhimachal dprhp

# तय समय से पहले खुलेगा चिराग दिल्ली फ्लाईओवर

## चिराग फ्लाईओवर पर दिन-रात काम चल रहा है और जल्द ही लोगों के लिए खोल दिया जाएगाः सीएम अरविंद केजरीवाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ दीपचंद्र काण्डपाल**

**चिराग** दिल्ली फ्लाईओवर को 12 मार्च से मरम्मत कार्यों के चलते अगले 50 दिनों तक बंद कर दिया गया है। अब दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि चिराग फ्लाईओवर पर दिन-रात काम चल रहा है और जल्द ही लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

**मैं खुद कर रहा हूं मॉनिटरिंगः** सीएम केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की मरम्मत का काम रात में भी किया जा रहा है और इसे जल्द ही लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। केजरीवाल ने आगे कहा, चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की मरम्मत का काम रात में भी चल रहा है। व्यक्तिगत रूप से मैं स्वयं कार्य की मॉनिटरिंग कर रहा हूं। इसकी मरम्मत का काम पूरा होने के बाद जल्द ही इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा और लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।

### पुलिस ने नए रोडमैप का किया ट्रायल

यातायात पुलिस और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने वाहनों के बढ़ते दबाव से निपटने के लिए रविवार को एक नए रोडमैप का ट्रायल किया। इसके तहत प्रयोग के तौर पर उन्होंने फ्लाईओवर के आइआइटी से नेहरू प्लेस की ओर जाने वाले कैरिजवे के दो लेन में से एक लेन को बंद कर दिया। इसका उद्देश्य यह परीक्षण करना था कि आइआइटी की ओर से आने वाला यातायात कैरिजवे के एक लेन में सुचारू रूप से चल सकेगा अथवा नहीं।

वहीं, पिछले हफ्ते लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के रखरखाव का काम एक महीने के भीतर 50 दिनों की तय समय सीमा से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जानकारी के अनुसार, 18 मार्च को खुद आतिशी फ्लाईओवर पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने पहुंची थीं और अधिकारियों को जल्द ही कार्य पूरा करने का निर्देश दिया थाष

# आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज वैक्सीनेशन के आदेशः मुख्यमंत्री केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में पूरी दिल्ली में स्ट्रीट डॉग और बेसहारा पशुओं की समस्या से लोगों को निजात दिलाने पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने एमसीडी को निर्देश दिया है कि दिल्ली में जितने भी स्ट्रीट डॉग हैं, उन सभी का शत प्रतिशत नसबंदी (स्टरलाइजेशन) किया जाए। साथ ही, सभी स्ट्रीट डॉग का एंटी रेबीज वैक्सीनेशन भी किया जाए। समीक्षा बैठक में बेसहारा गायों को लेकर भी गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। दिल्ली की सड़कों पर बड़ी संख्या में बेसहारा गाय घूमते दिखाई देती हैं। इससे लोगों को



वाहन संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही गायों के घायल होने का भी डर होता है। इस मुद्दे पर बैठक में दो अहम निर्णय लिए गए हैं। बेसहारा गायों को सड़क से उठाकर गोशाला तक पहुंचाने के लिए दिल्ली नगर निगम के पास अभी केवल 12 ट्रक हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि बेसहारा गायों को गोशाला तक पहुंचाने में इस्तेमाल करने के लिए 16 और ट्रक खरीदे जाएंगे। इन 16 ट्रक के आने के बाद एमसीडी के पास कुल 28 ट्रक हो जाएंगे। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली सरकार की चार गौशालाएं चल रही हैं। इस पर केजरीवाल ने दिल्ली में एक और गौशाला बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने एसमीडी के अधिकारियों को जल्द से जल्द नई गौशाला बनाने का पूरा प्लान तैयार करके देने का निर्देश दिया है। दिल्ली में एक और गौशाला बन जाने के बाद कुल पांच गौशालाएं हो जाएंगी, जहां बेसहारा गायों का रख-रखाव बेहतर तरीके से हो सकेगा।



सीएम अरविंद केजीरवाल ने कटेवरा गाँव में जाकर गाँव के लोगों से मिले। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि गाँव का फिरनी रोड़ हमने बनवा दिया है, चौपाल घर समेत अन्य काम भी जल्द करवाएँगे।

## सिसोदिया की मुश्किलें, कोर्ट ने सीबीआई मामले में 14 दिन बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिन तक के लिए बढ़ा दी है। फिलहाल मनीष सिसोदिया शराब घोटाले के मामले में 22 मार्च तक ईडी की रिमांड पर हैं। सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाई है।

# शिक्षा मंत्री ने बन रही नई स्कूल इमारत का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकंड्री स्कूल, खिचड़ीपुर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 76 क्लासरूम वाले शानदार स्कूल बिल्डिंग का निर्माण करवा रही है। सोमवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षा विभाग व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया। 4 मंजिला ये नई इमारत पूरी तरह से बनकर तैयार है और आने वाले सत्र में यहां कक्षाएं चल सकेंगी। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने चिल्ला गांव स्थित गवर्नमेंट को-एड सीनियर सेकंड्री स्कूल में बन रहे नए अकेडमिक ब्लॉक के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण



किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि आज दिल्ली सरकार के स्कूलों में अभिभावक अपने बच्चों का मजबूरी में नहीं बल्कि मंजूरी व पूरे आत्मविश्वास के साथ एडमिशन करवाते है। इस विश्वास को कायम रखने के लिए हम अपने स्कूलों को और ज्यादा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर रहे है ताकि दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वो सभी अवसर मिल सकें जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें।

वहीं चिल्ला गांव स्थित स्कूल के निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने निर्माण कार्यों में कुछ

### कक्षाएं चल सकेंगी

**= सोमवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षा विभाग व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ इसका निरीक्षण किया**

खामियां पाई। इसपर तुरंत एक्शन लेते हुए उन्होंने कांट्रैक्टर को तत्काल ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को विश्वस्तरीय शिक्षा सुविधाएं देना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है, इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी।

## अपमानजनक टिप्पणी मामले में पवन खेड़ा को 10 अप्रैल तक राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ असम और उत्तर प्रदेश में दर्ज एफआईआर को लखनऊ के हजरतगंज थाने में ट्रांसफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने पवन खेड़ा को मिली अंतरिम जमानत 10 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

# 'पंजाब में 'आप' सरकार की कार्रवाई से दुनिया में पहुंचा मजबूत संदेश'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में सोमवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से चल रही कार्रवाई से पूरे देश व दुनिया में मजबूत संदेश गया है। आप की सरकार पंजाब की अमन शांति और कानून व्यवस्था के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी। इस कार्रवाई के बाद अब वो लोग भी चुप हैं, जो ये कहते थे कि आम आदमी पार्टी के पास कानून

### कार्रवाई के साथ

**= आप की सरकार पंजाब की अमन शांति और कानून व्यवस्था के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी**

व्यवस्था का तजुर्बा नहीं है और इनसे बॉर्डर स्टेट नहीं संभलेगा। अब देश भर के लोग यह मानने लगे हैं कि हम कानून व्यवस्था को बेहतर बना सकते हैं, क्योंकि हम एक ईमानदार सरकार चलाते हैं। भारद्वाज ने आगे कहा कि किसी भी तरह की अशांति के प्रति



आम आदमी पार्टी की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी है। जो लोग अक्सर कहते थे कि आम आदमी पार्टी की सरकार के पास लॉ एंड ऑर्डर का तजुर्बा नहीं है और एक बॉर्डर स्टेट को हैंडल नहीं कर पाएगी। आज वो सब लोग चुप हैं। आज मुख्यमंत्री भगवंत मान की निर्णायक कार्रवाई ने बहुत कड़ा संदेश दिया है और आज सब लोग इस बात को मान रहे हैं। वहीं मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारद्वाज ने कहा कि पंजाब में पुलिस का एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इस तरह के नॉन-पॉलिटिकल ऑपरेशन को सरकार प्रोफेशनल तरीके से ऑपरेट करती है। जब भी पुलिस, फौज या इंटेलिजेंस एजेंसियां अपना कोई ऑपरेशन प्लान करती हैं, तो उसकी एक स्ट्रेटजी होती है, ताकि ऑपरेशन ठीक से अमल में लाया जा सके।

# दिल्ली सरकार आज पेश करेगी बजट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली में शुरू किए गए डॉ. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एसओएसई) व मोहल्ला क्लीनिक में जांच की संख्या बढ़ सकती है। इससे दिल्ली के अतिरिक्त छात्रों को बेहतर स्कूल में पढ़ने का मौका मिलेगा, वहीं मोहल्ला क्लीनिक में उपचार करवा रहे मरीजों को अतिरिक्त जांच के लिए बड़े अस्पताल का रुख नहीं करना होगा। दरअसल दिल्ली सरकार मोहल्ला क्लीनिक में जांच की संख्या 250 से बढ़ाकर 450 करने का विचार कर रही हैं। वहीं, एक्सीलेंस स्कूल की संख्या अगले साल तक 46 की जाएगी। इसके लिए दिल्ली सरकार बजट में विशेष प्रावधान कर सकती है। केजरीवाल सरकार 21 मार्च को 2023-24 का बजट पेश करेगी।

### जांच की संख्या बढ़ी

**= मोहल्ला क्लीनिक में उपचार करवा रहे मरीजों को अतिरिक्त जांच के लिए बड़े अस्पताल का रुख नहीं करना होगा**

इसमें शिक्षा और स्वास्थ्य को सबसे अधिक बजट मिलने का अनुमान है। दिल्ली सरकार के सूत्रों की मानें तो डॉ. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एसओएसई) की संख्या अगले साल तक बढ़ाकर 46 करेगी। इन स्कूलों में दस हजार बच्चे पढ़ सकेंगे। 2021 में शुरू हुए इन स्कूलों की संख्या 20 थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार के स्कूलों के सभी शिक्षकों (नियमित, अतिथि और संविदा सहित), उप प्रधानाचार्यों और प्रधानाचार्यों को नए टैबलेट प्रदान किए जाएंगे।

# दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लंदन में रविवार** को भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नई दिल्ली में किया गया। लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने हाई कमीशन का तिरंगा उतार दिया था। नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। सिखों ने यहां खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल



सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस कार्रवाई कर रही है। रविवार को इसका विरोध लंदन में मौजूद कुछ खालिस्तान समर्थकों ने किया। खालिस्तानी लंदन में भारतीय हाई कमीशन पहुंचे। पहले तोड़फोड़ की और बाद में यहां लगा तिरंगा उतार दिया।

भारत ने इस पर सख्त ऐतराज जताया। दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इस बीच, हाई कमीशन पर अब

### विरोध

**= नई दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया**

पहले से ज्यादा बड़ा तिरंगा लगा दिया गया है। लंदन में भारत के हाई कमीशन पहुंचे लोगों के हाथ में खालिस्तानी झंडा और अमृतपाल सिंह के पोस्टर थे। पोस्टर्स पर लिखा, 'फ्री अमृतपाल सिंह' (अमृतपाल सिंह को आजाद करो), 'वी वॉन्ट जस्टिस' (हमें न्याय चाहिए) और 'वी स्टैंड विथ अमृतपाल सिंह' (हम अमृतपाल के साथ हैं)।

# 'अमन-शांति भंग करने वालों के खिलाफ 'जीरो टोलरेंस' नीति'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आप नेता व मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार ने पिछले दो दिनों में लॉ एंड आर्डर व्यवस्था के लिए जो कदम उठाए है वो बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पंजाब चुनाव के दौरान बहुत से लोग सवाल उठाते थे कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार है एक ऐसे राज्य में जहां पुलिस केंद्र सरकार के पास है तो क्या आम आदमी पार्टी यहाँ लो एंड आर्डर को संभाल पायेगी? क्या आम आदमी पार्टी एक बॉर्डर स्टेट को संभाल पायेगी। आज भगवंत मान के

### लॉ एंड आर्डर व्यवस्था

**= आप सरकार ने पिछले दो दिनों में लॉ एंड आर्डर व्यवस्था के लिए जो कदम उठाए है वो बेहद सराहनीय है**

नेतृत्व में पंजाब सरकार ने इन सवाल करने वालों के मुंह बंद कर दिए है। भगवंत मान सरकार ने साफ कर दिया है कि पंजाब में जिस प्रकार पिछली सरकारों ने अमन चैन भंग करने वालों प्रश्रय दिया वो भगवंत मान सरकार में संभव नहीं है और यहाँ ऐसे लोगों के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति है।

## एग्जाम अच्छा न होने पर 14 वर्षीय लड़की ने रची थी झूठी कहानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** भजनपुरा इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक 14 वर्षीय बच्ची पर हमले की बात झूठी निकली। दसवीं की परीक्षा सही न जाने पर बच्ची ने झूठी कहानी रच डाली थी। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले में किडनैपिंग, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

**किडनैपिंग, छेड़छाड़ का दर्ज हुआ था केसः** दरअसल में 15 मार्च को दिल्ली के भजनपुरा थाने में एक 14 वर्षीय बच्ची का किडनैपिंग, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। 10वीं कक्षा की छात्रा ने उस

### नई कहानी सामने आई

**= दसवीं की परीक्षा सही न जाने पर बच्ची ने झूठी कहानी रच डाली थी। पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था**

दौरान पुलिस को बताया कि स्कूल के बाहर तीन लड़कों ने उसके साथ हाथापाई की और उसे स्कूल से थोड़ी दूर भी ले गए।

**सही नहीं हुआ था बच्ची का एग्जामः** पुलिस ने आगे कहा कि बच्ची के हाथ में चोट भी लगी थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अकेले घूमती हुई नजर आई।

# आफताब के जुर्म को लेकर कोर्ट में पुलिस की दलीलें पूरी, अब 25 को होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

चर्चित श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ ठोस साक्ष्य है और गवाहों के बयानों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर उसका अपराध साबित होता है। दिल्ली पुलिस ने अदालत के समक्ष उक्त तर्क रखते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग तय करने संबंधी अपनी दलीलें पूरी कर ली। साकेत अदालत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना के समक्ष पेश विशेष सरकारी वकील अमित प्रसद ने अपनी दलीलों में गवाहों के बयानों, पुलिस द्वारा एकत्रित इलैक्ट्रोनिक साक्ष्य, सीएसएफएल की रिपोर्ट व अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे साबित होता है कि आरोपी ने अपनी लिव इन में रहने वाली श्रद्धा की की हत्याा कर दी और उसके टुकड़े कर विभिन्न स्थानों पर





डाल कर साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया। ऐसे में आरोपी के खिलाफ अभियोग तय कर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए। उन्होंने कहा वे गवाहों के बयानों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का अपराध साबित कर रहे है। आरोपी की और से पेश अधिवक्ता जावेद हुसैन ने अरोपी का पक्ष रखने के लिए अदालत से समय प्रदान करने का आग्रह किया। अदालत ने मामले की सुनवाई 25 मार्च तय की है। पुलिस ने 24 जनवरी को इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जिसमें 6,000 से अधिक पृष्ठ हैं और अदालत ने उसकी हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि अभियोजन पक्ष ने जानबूझकर

### चर्चित श्रद्धा हत्याकांड

**= दो आवेदनों में आरोपी के वकील एम.एस. खान ने पहली याचिका में कहा था कि उसे मौजूदा मामले में झूठा फंसाया गया है**

चार्जशीट की एक डिजिटल प्रति प्रदान की है, जो पढ़ने योग्य नहीं है। दो आवेदनों में आरोपी के वकील एम.एस. खान ने पहली याचिका में कहा था कि उसे मौजूदा मामले में झूठा फंसाया गया है और वह जेल में सड़ रहा है। इससे पहले आफताब ने कोर्ट से कहा था कि वह अपने वकील एम एस खान को बदलना चाहते हैं और उन्हें आरोपपत्र की प्रति न दी जाए। चार्जशीट 302, 201 और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अन्य धाराओं के तहत दायर की गई है।

दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच के 90 दिनों की समाप्ति से पहले आरोप दायर किया। जांच के दौरान, दिल्ली पुलिस ने आफताब के खिलाफ आरोपों को स्थापित करने के लिए नार्को एनालिसिस टेस्ट, पॉलीग्राफ टेस्ट और डीएनए सबूत एकत्र किए। आफताब पर महरौली इलाके में मई 2022 में अपनी लिव-इन पार्टनर की गला दबाकर हत्या करने का आरोप है। कथित गला घोंटने के बाद उसने कथित तौर पर मृतक के शरीर के 35 टुकड़े कर दिए। आवाज का नमूना प्राप्त करने की अनुमति मांगते हुए विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) अमित प्रसाद ने अदालत के समक्ष तर्क रखा कि मामले की जांच के लिए आवाज का नमूना आवश्यक है। दिल्ली पुलिस के पास मामले से जुड़े कुछ वीडियो और ऑडियो है।

## संपादकीय

# आओ परिस्थितियों से लड़कर इतिहास रचें

**वैश्विक** स्तरपर खुशियों या सकारात्मक परिस्थितियों में तो हर व्यक्ति जीवन जीनें को आतुर रहता है, परंतु सृष्टि का यह नियम है कि हमेशा ऐसा नहीं होता, जीवन का चक्र घूमते रहता है। यदि आज सकारात्मक परिस्थितियां हैं तो कल नकारात्मक परिस्थितियां भी आनी ही है! जिससे हमें मुकाबला कर आगे बढ़ना है और स्थितियों पर परिस्थितियों से निपट कर सफलता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है। जो खुद में स्थिर होते हैं, हर परिस्थितियों से लड़ते हैं, वही अपने जीवन में इतिहास रखते हैं। क्योंकि जब हम निर्भीकता से विपत्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध होंगे त्योहिं विपत्तियां दुम दबाकर भाग खड़ी होगी। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से विभिन्न विचारों को समाहित करते हुए चर्चा करेंगे,आओपरिस्थितियों से लड़ कर इतिहास रचें। साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन में परीक्षा की घड़ी की करें तो अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी सटीकता से जीवन यापन करने और अपने आप को सुदृढ़ और सुलझा हुआ कहने लगते हैं परंतु असली व्यक्तित्व और सटीकता का पता तो तब चलता है जब विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता के से मुकाबला कर उन्हें अनुकूल बनाकर इतिहास रचते हैं। असल में हमें विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत रखना और जिंदगी में जो भी परिस्थितियां हो उसका डटकर सामना करना हमारी जिंदगी में जो भी समस्या हो उन समस्याओं का हल निकालना और उन समस्याओं का हल निकालते और लड़ते-लड़ते मर जाना बेहतर है। किसी भी समस्या से भागना नहीं चाहिए विकट परिस्थितियों में जूजते रहेंगे तो हमारी समस्याओं का हल अपने आप निकलता रहेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए समस्याओं का निराकरण भी लाएंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श भी बनेंगे जो लोग समस्याओं से लड़ते हैं और उसका हल निकालते हैं और डरते नहीं है, वही लोग महान हैं। साथियों बात अगर हम सटीक कहावत मानव परिस्थितियों का दास होता है और उस दास शब्द को अस्वीकार करने की करें तो, मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए हमें सर्वप्रथम उन वजहों को समझने का प्रयास करना चाहिए जिनके चलतेये परिस्थितियाँ पैदा हुईंहैं।परिस्थितियों पर बारिकी से नजर रखते हुए सब्रके साथपरिस्थितियों का सामना करने का प्रयास करना चाहिए,जो परिस्थितियाँ हमारे बस में ना हों उनके लिए अधिक चिंतित हम ना हों । वे समय के साथ खुद ब खुद सामान्य हो जाएँगी। हर हालत में धैर्यवान बने रहकर ईश्वर अल्लाह (समय) पर भरोसा करना चाहिए। समय से बलवान कोई नहीं।चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो समय बीतने के साथ-साथ मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों को बदलकर सामान्य होते देर नहीं लगतीं। कितना भी गहन अंधकार वाली रात्रि हो कुछ पलों में सूर्योदय अवश्यंभावी है। साथियों वह नियति हो या फिर परिस्थिति कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं। जिस तरह से हम अच्छे वक्त को संभालना बचपन से जानते हैं, उसी तरीके से हमें बुरे वक्त को भी संभालना सीखना चाहिए किस तरीकेसे हम इनको संभाले कि यहपरिस्थितियां कभी भी हमारे जीवन में ऐसी परिस्थिति ना क्रिएट करें की हम टूट कर बिखर जाएं यदि टूट कर बिखर भी जाएं तो स्वयं को जोड़कर पुनःखड़ा होने की हिम्मत अपने अंदर रखनी चाहिए। जीवन में जीवन से ज्यादा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं होता परंतु अक्सर देखा जाता है कि इंसान छोटी-छोटी बातों को लेकर के भी आत्महत्या कर लेता है या फिर कोई ऐसा कदम उठा लेता है जिसकी हम कल्पना भी नहीं करते इन्हीं सब से निपटने के लिए हमें स्वयं को मानसिक रूप से सबल बनाना होता है।

# क्या राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो सकती हैं?

**अशोक भाटिया**

> उन पर काम में बाधा डालने, कुछ अधिकारियों को धमकाने, शोषण करने और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप था।इसके बाद संसद में साधारण प्रस्ताव के जरिए 20 दिसंबर 1978 को उनकी संसद सदस्यता खत्म कर दी गई थी। साथ ही सत्र चलने तक जेल भेजने का आदेश दिया गया था। हालांकि एक महीने बाद लोकसभा ने उनका निष्कासन वापस ले लिया था।व 26 दिसंबर 1978 को इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया था।चौथा दिसंबर 2005 में एजजी मुद्गल जैसा मामला दोबारा सामने आया। एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में कई पार्टियों के 11 सांसद संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेते नजर आए

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान पर पिछले हफ्ते से एक दिन भी संसद नहीं चल पाई। भारत में 'लोकतंत्र पर क्रूर हमले' के राहुल के बयान पर भाजपा हमलावर है। वह राहुल गांधी से बिना शर्त माफी की मांग कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में राहुल गांधी के खिलाफ विशेष समिति बनाकर उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग की है। प्रश्न यह उठता है कि क्या ऐसे में किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है? क्या है सांसद की सदस्यता खत्म करने का नियम? भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 223 के तहत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। क्या राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की जा सकती है यह जानने के पहले यह जानना जरुर है कि पहले कब-कब आए ऐसे मामले जिसमें संसद सदस्य की सदस्यता जा सकती हैं ? इसके आलावा राहुल की सदस्यता खत्म करने में भाजपा की चिंता क्या है? इसके लिए हमें विस्तार से जानना होगा ।

सबसे पहले कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन दौरे पर ऐसा क्या बोला, जिस पर हंगामा मचा है के जवाब में बताया जा रहा हैं कि राहुल गांधी इस साल फरवरी और मार्च में जब ब्रिटेन के दौरे पर गए थे तब राहुल ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में लर्निंग टू लिसेन इन द 21२३ सेंचुरी कार्यक्रम में कहा था कि भारत में सभी स्वतंत्र एजेंसियों पर कब्जा हो गया है और इसी के चलते देश में लोकतंत्र खतरे में हैं।उन्होंने कहा था कि भारत में विपक्ष के साथ लोगों की आवाज दबाई जा रही है। चाहे संसद, न्यायालय, प्रेस या चुनाव आयोग हो, सभी पर किसी न किसी प्रकार से नियंत्रण किया जा चुका है।राहुल गांधी लंदन में ब्रिटिश सांसदों को संबोधित करते हुए कहा था कि संसद में काम कर रहे माइक्रोफोन को अक्सर विपक्ष के बोलने पर बंद कर दिया जाता है। यह सब उस समय कहा गया था जब राहुल गांधी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फेलो के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने यहां से डेवलपमेंट स्टडी में 1995 में एमफिल किया था। दूसरा सवाल यह है कि राहुल के बयान पर भाजपा को क्या आपत्ति है और उसकी मांग क्या है के जवाब में बताया जाता है कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से शुरू हुआ था । सत्र के शुरू होते ही भाजपा ने कहा कि चूँकि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपने बयानों से लगातार संसद



और देश की गरिमा को धूमिल किया है।इसलिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा, राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल ने राहुल को देश से माफी मांगने को कहा। नड्?डा ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गई है। जनता के बार-बार नकारे जाने के बाद राहुल गांधी इस देश विरोधी टूलकिट का एक परमानेंट हिस्सा बन गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर पत्र लिखा है कि राहुल गांधी के आचरण को या तो विशेषाधिकार कमेटी या विशेष कमेटी की ओर से जांचे जाने की जरूरत है। इसके बाद सदन को विचार करना चाहिए कि क्या ऐसे सदस्य की सदस्यता खत्म कर देनी चाहिए ताकि संसद और अन्य लोकतांत्रिक संस्थानों की रक्षा की जा सके। उन्होंने लिखा कि यह स्पष्ट संदेश दिए जाने की जरूरत है कि आगे से कोई भी उच्च संस्थानों के गौरव और सम्मान से खिलवाड़ नहीं कर सके। अब सवाल यह उठता है कि आज तक सांसदों को सत्र से सस्पेंड के बारे में तो सुना था, क्या किसी सांसद की सदस्यता भी खत्म की जा सकती है? के बारे में जानकारों का कहना है कि सांसदों की सदस्यता भी खत्म की जा सकती है। संविधान में सदस्यता खत्म करने का कोई नियम नहीं है, लेकिन सदन प्रस्ताव करके किसी भी सदस्य की सदस्यता समाप्त कर सकता है। आजाद भारत के इतिहास में इसके 4 उदाहरण भी मिलते हैं। पहला आजादी के बाद अस्थाई संसद के सदस्य कांग्रेस नेता एचजी मुद्गल पर 1951 में संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेने का आरोप लगा था। उस वक्त प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने मामले की जांच के लिए संसद में एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित कराया।कमेटी ने मुद्गल को दोषी पाया और उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई।

हालांकि, संसद में प्रस्ताव आने से पहले ही मुद्गल ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भी प्रस्ताव लाया गया था। दूसरा साल 1976 में आपातकाल के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी जन संघ के नेता थे और राज्यसभा सांसद थे। उस वक्त स्वामी पर देश-विरोधी प्रोपेगैंडा में शामिल होने और संसद और देश के महत्वपूर्ण संस्?थानों को बदनाम करने के आरोप लगा।इसके बाद संसद में 10 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। जांच के बाद कमेटी ने 15 नवंबर 1976 को स्वामी को दोषी बताते हुए राज्यसभा से निष्कासित कर दिया था। तीसरा साल 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का आरोप लगाया गया था। उन पर काम में बाधा डालने, कुछ अधिकारियों को धमकाने, शोषण करने और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप था।इसके बाद संसद में साधारण प्रस्ताव के जरिए 20 दिसंबर 1978 को उनकी संसद सदस्यता खत्म कर दी गई थी। साथ ही सत्र चलने तक जेल भेजने का आदेश दिया गया था। हालांकि एक महीने बाद लोकसभा ने उनका निष्कासन वापस ले लिया था।व 26 दिसंबर 1978 को इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया था।चौथा दिसंबर 2005 में एजजी मुद्गल जैसा मामला दोबारा सामने आया। एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में कई पार्टियों के 11 सांसद संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेते नजर आए। इसमें 10 लोकसभा और 1 राज्यसभा सांसद थे। सांसदों के काम को भ्रष्ट और अनैतिक बताया गया।लोकसभा ने कांग्रेस सांसद पवन कुमार बंसल के नेतृत्व में 5 सदस्यीय विशेष कमेटी बनाई। कमेटी में भाजपा के वी के मल्होत्रा, सपा के राम गोपाल यादव, सीपीआई-एम के मोहम्मद सलीम और डीएमके सी कुप्पुसामी शामिल थे। राज्यसभा में जांच सदन की एथिक्स कमेटी ने की।इसके बाद कमेटी ने लोकसभा में 38 पेज की रिपोर्ट पेश की। इसमें सांसदों को दोषी पाया गया। इसके बाद संसद में एक प्रस्ताव के जरिए इन 11 सांसदों की सदस्यता खत्म कर दी गई। अब घूम फिर कर वही सवाल उठता है कि क्या मौजूदा मामले में राहुल की सदस्यता खत्म की जा सकती है?इसके जवाब में बताया जाता है कि अब तक जैसे उदाहरण सामने आए हैं उनसे ये साफ है कि अगर भाजपा की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष विशेष कमेटी बनाकर जांच कराएं और यह कमेटी राहुल पर लगे आरोपों को सही पाती है तो सदन में एक प्रस्ताव पारित करके उनकी सदस्यता खत्म की जा सकती है।भाजपा का लोकसभा में बहुमत है इसलिए यह पार्टी के लिए कठिन काम नहीं है। हालांकि भाजपा के लिए इस मामले को आगे बढ़ाना एक राजनीतिक फैसला होगा। आगे के सवाल में हम इस राजनीतिक फैसले से भाजपा को होने वाले नुकसान और फायदे भी बताएंगे। एक संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का कहना है कि सदन सर्वोच्च है। सदन के पास विशेष कमेटी बनाने और उसके काम करने की शर्तें तय करने का पूरा अधिकार है।वहीं लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य का कहना है कि सदन एक प्रस्ताव के जरिए कमेटी बना सकती है। ये कमेटी आरोपों की जांच करके सजा की सिफारिश कर सकती है। तो सस्पेंड करने का क्या कानून है के जवाब में बताया जाता है कि संसद और विधानसभा में जानबूझकर हंगामा और कमेंट करने या किसी कार्य में बाधा डालने वाले सांसदों को सस्पेंड किया जा सकता है। लोकसभा की रूल बुक 373 के तहत यदि लोकसभा स्पीकर को ऐसा लगता है कि कोई सांसद लगातार सदन की कार्रवाई बाधित कर रहा है तो वह उसे उस दिन के लिए सदन से बाहर कर सकता है। या बाकी बचे पूरे सेशन के लिए भी सस्पेंड कर सकते हैं। इसी तरह के प्रावधान विधानसभाओं की रूल बुक में भी है।विशेषाधिकार हनन के मामले में सदस्यों को निलंबित किया जा सकता है।

## कविता

### गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच

गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुखा देना तुम।।

हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूरत दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम ।।

किस्मत में तुमारा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब का बिछौना ओश की ओढनी लेहरा लदेना तुम।

राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।

आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में फैला देना तुम।।

बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
रात में रस्कजदा चाँद को मुँह चिड़ा देना तुम।।

होश नहीं रख पाता कोई तुम्हे देखने के बाद.,
ऐसे दीवानों को उम्र कैद की सजा देना तुम।।

संजीव

# मानवता के लिएअनुपम उपहार है सहज योग

**डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल'**

सहज योग की प्रवर्तक परम आदरणीय माताजी निर्मला देवी का जन्म २१ मार्च १९२३ को भारतीय राज्य मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में, एक ईसाई परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम प्रसादराव साल्वे तथा माता का नाम कोर्नेलिया साल्वे था। निर्मला देवी के अनुसार उनका परिवार शालिवाहन राजवंश से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित था। जन्म के समय उनके निष्कलंक रूप को देखकर उन्हें 'निर्मला' नाम दिया था। बाद के वर्षों में वे अपने अनुयायियों में श्री माताजी निर्मला देवी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। उनके मातापिता ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उनके पिता के महात्मा गाँधी के साथ नजदीकी संबंध थे। वे स्वयं भी भारत की संविधान सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने स्वतंत्र भारत के संविधान को लिखने में मदद की थी। उन्हें १४ भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने कुरान का मराठी भाषा में अनुवाद किया था। निर्मला देवी की माता वो प्रथम भारतीय महिला थीं जिन्हें गणित में स्नातक की ऑनर्स उपाधि प्राप्त हुई थी। माता निर्मला जी का बचपन उनके नागपुर के पैतृक निवास में बीता था। युवा होने पर निर्मला देवी अपने माता पिता के साथ गाँधीजी के आश्रम में रहने लगीं। गांधीजी ने निर्मला देवी के विवेक और पांडित्य को देखकर उन्हें निरंतर प्रोत्साहन दिया। अपने माता पिता के समान निर्मला देवी ने भी स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया और, १९४२ में गांधीजी के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण निर्मला देवी को भी अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ जेल जाना पड़ा। माता निर्मला देवी कहती थीं कि उन्हें जन्म से ही मनुष्य के सम्पूर्ण नाड़ी तंत्र का ज्ञान था, साथ ही वो इसके उर्जा केन्द्रों से भी परिचित थीं।

इस सम्पूर्ण ज्ञान को वैज्ञानिक आधार देने तथा वैज्ञानिक शब्दावली के अध्ययन हेतु उन्होंने क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना और बालकराम मेडिकल कॉलेज, लाहौर से आयुर्विज्ञान एवं मनोविज्ञान का अध्ययन किया था।

भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति से कुछ समय पहले 1947 में, निर्मला जी ने चंद्रिका प्रसाद श्रीवास्तव नामक एक उच्चपदासीन भारतीय प्रशासनिक अधिकारी से शादी कर ली। चंद्रिका प्रसाद श्रीवास्तव, ने बाद में लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया, उन्हें इंग्लैंड की महारानी द्वारा मानद नाइटहुड भी प्रदान किया गया। निर्मला देवी की दो बेटियां, कल्पना श्रीवास्तव और साधना वर्मा हैं। 1961 में, निर्मला जी ने "यूथ सोसायटी फॉर फिल्म्स" की शुरूआत युवाओं में राष्ट्रीय, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए की थी। वह केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य भी रहीं।

5 मई 1970 को एक आध्यात्मिक सफलता में श्री माताजी ने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर स्थित नमस्कार आध्यात्मिक ऊर्जा जिसका नाम को कुंडली है के जागरण के लिए एक तकनीक की खोज की तब से श्री माताजी ने दुनिया भर में लाखों लोगों को बिना किसी शुल्क के आत्म साक्षात्कार का भाव और सहज योग ध्यान की शिक्षा प्रदान की है।

## विचार

# शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ते आत्महत्या के मामले

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**बीते** दिनों सरकार ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा है कि आईआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 2018-2023 की अवधि के दौरान आत्महत्या के कुल 61 मामले दर्ज किए गए। आत्महत्या के आधे से अधिक मामले आईआईटी में सामने आए हैं। इसके बाद एनआईटी और आईआईएम का नंबर आता है। शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार के लिखित जवाब के अनुसार, अकादमिक तनाव, पारिवारिक कारण, व्यक्तिगत कारण, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे आदि आत्महत्या के कुछ कारणों में से हैं। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि छात्र आत्महत्या क्यों करते हैं? क्या दोष हमारी व्यवस्था में है? क्या हमारी शिक्षा प्रणाली ठीक नहीं है? प्रश्न यह भी है कि क्या छात्रों पर परिवार और समाज की ओर से बेहतर प्रदर्शन का दबाव है? क्या अभिभावकों व परिजनों की उम्मीदों और आशाओं के बोझ तले छात्र दब रहे हैं? या फिर समाज का बदला दृष्टिकोण और विचार छात्रों और युवाओं के लिए घातक सिद्ध हो रहा है? लगातार जारी आत्महत्याओं ने प्रमुख संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और अन्य कारणों की स्थिति पर बहस शुरू कर दी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वर्ष 2020 में 12,526 मौतों से 4.5 फीसदी की वृद्धि के साथ भारत में वर्ष 2021 तक प्रतिदिन 35 से अधिक की औसत से 13,000 से अधिक छात्रों की मृत्यु हुई जिसमें 10,732 आत्महत्याओं में से 864 का कारण ष्परीक्षा में विफलताष थी। वर्ष 1995 के बाद से देश में वर्ष 2021 में आत्महत्या के कारण सबसे अधिक छात्रों की मृत्यु हुई, जबकि पिछले 25 वर्षों में आत्महत्या करने वाले छात्रों का आँकड़ा लगभग 2 लाख है। वर्ष 2017 में 9,905 छात्रों की आत्महत्या के कारण मृत्यु हुई थी, उसके बाद से आत्महत्या से होने वाली छात्रों की मृत्यु में 32.15ः की वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र में वर्ष 2021 में 1,834 मामलों के साथ छात्रों की आत्महत्या की संख्या सबसे अधिक थी, इसके बाद मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान था। रिपोर्ट में यह भी दशार्या गया है कि महिला छात्रों की आत्महत्या का प्रतिशत 43.49 प्रतिशत के साथ पांच वर्ष के निचले स्तर पर था, जबकि पुरुष छात्रों की आत्महत्या कुल छात्र आत्महत्याओं का 56.51 प्रतिशत थी। वर्ष 2017 में 4,711 छात्राओं ने आत्महत्या की, जबकि वर्ष 2021 में ऐसी मौतों की संख्या बढ़कर 5,693 हो गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2014-21 में आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य केंद्रीय संस्थानों के 122 छात्रों ने आत्महत्या की। 122 में से 68 अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के थे। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के जाने-माने केंद्र कोटा, भारत में होने वाली आत्महत्याएं एक बढ़ती हुई चिंता है। जनवरी 2023 तक कोटा में वर्ष 2022 से अब तक 22 छात्रों की मौत हो चुकी है और वर्ष 2011 से लगभग 121 की मौत हो चुकी है। अफसोस की बात है कि 2023 के पहले तीन महीनों में ही आईआईटी में दो छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। जबकि आईआईटी-मद्रास में बीटेक थर्ड ईयर के 20 वर्षीय छात्र वी. वैपु पुष्पक श्री साई बीती 14 मार्च को अपने होस्टल के कमरे में बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया था। रिसर्च स्कॉलर स्टीफन सनी 13 फरवरी को अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाए गए थे।

इसी महीने, आईआईटी-बॉम्बे में, 18-वर्षीय दर्शन सोलंकी ने 12 फरवरी को कथित तौर पर एक परिसर की इमारत की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। दर्शन का परिवार जो एक पिछड़े समुदाय से हैं, ने आरोप लगाया था कि उनकी जाति के कारण उन्हें बहिष्कृत किया गया था। जबकि आईआईटी-मद्रास के छात्रों ने कैंपस में दो मौतों के बाद तनाव में काम करने की बात कही है और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता की मांग की है, दर्शन की मौत ने भारत के कुछ सबसे प्रमुख संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव की व्यापकता के बारे में बातचीत को फिर से शुरू कर दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# तो योगी यूपी के रास्ते ही भाजपा को 2024 में सत्ता सौपेंगे

**आर.के. सिन्हा**

**अगर** सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले साल के शुरूआती के तीन महीनों के दौरान देश में लोकसभा चुनावों की हलचल को महसूस किया जाने लगेगा। सभी दल अपने घोषणापत्र को अंतिम रूप दे रहे होंगे और प्रत्याशियों के नामों पर भी अंतिम विचार चल रहा होगा। फिजाओं में लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल बन गया होगा। दरअसल, यह चुनाव आजाद भारत का एक ऐसा चुनाव होगा जब कांग्रेस छोड़ किसी दूसरी विचारधारा की सत्ता की पारी दशकीय सीमा लांघकर एक नई तारीखी लकीर खींच सकती है। इस चुनाव के लिहाज से राज्यों की राजनीति भी गरमा रही है। पर बात करें भाजपा की तो देश के सबसे बड़े सूबे में उसकी निश्चिंतता का आलम कुछ और ही है। वैसे भी दिल्ली के सियासी गलियारों में यह बात शुरू से कही और मानी जाती रही है कि देश की सत्ता का रास्ता राम और कृष्ण के जन्म स्थान उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। इस सूबे की सियासी धाक यह है कि इसने देश को अबतक सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दिए हैं। आज अगर गुजरात से निकलकर देश की राजनीति का ध्रुव बनकर नरेंद्र मोदी उभरे हैं तो वे भी यहीं से दो-दो बार निर्वाचित हुए हैं। देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद के निचले सदन यानी लोकसभा के लिए 80 सांसदों को चुनकर भेजने वाले इस सूबे की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल औ? कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। भगवा आस्था और विकास की नई प्रयोगशाला बनकर उभरा उत्तर प्रदेश आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा।

उत्तर प्रदेश में विपक्ष तो पहले से ही तार-तार हो चुका दिख रहा है। बेशक, यह समझना दिलचस्प है कि हिंदी पट्टी में विपक्ष की राजनीति का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश देश के सबसे चर्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में किस तरह भाजपा के अभेद्य किला के तौर पर लगातार मजबूत होता गया है।

# अपनी-अपनी दुनिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिता जी** ने फरमान जारी किया कि कल से सभी भोजन की मेज पर मिल बैठकर भोजन करेंगे। अगले दिन माता जी ने भोजन की मेज की खूब साफ-सफाई की। फल-फूल सजा दिए। अचार की बोतलें, बादाम-काजू-किशमिश, पिस्ता, सौंप-सुपारी की तश्तरी अच्छे से सजा दी। जब घर के सभी सदस्यों ने यह देखा तो उनके मुँह में पानी भर आया। जो कोई मेज के पास जाता कुछ बादाम-काजू-पिस्ता मुट्ठी में दबोच लेता। देखते ही देखते मेवा झम्म हो गया। माता जी का क्या है? ज्यादा से ज्यादा डाँट-फटकार सकती हैं, इससे ज्यादा क्या कर सकती हैं। वह अपने में ही बड़बड़ाने लगीं। रात होने को थी। उधर से पिता जी दफ्तर से निकल चुके थे। उधर बेटा बुलेट पर, इधर बिटिया स्कूटी पर घर की ओर कूच कर चुके थे। आज सभी मेज पर मिल बैठकर खाने वाले जो थे! पिता जी के बाद बेटा और बेटे के बाद बिटिया तीनों रात के विश्राम गृह यानी घर पहुँच चुके थे। इतने दिनों से यह विश्राम गृह किसी लॉड्ज से कम थोड़ी न था। पहली बार इसकी किस्मत में घर कहलाने का सुख नसीब होने वाला था। घर में तीन-तीन वाशरूम थे। तीनों वाशरूप में ऐसे घुसे जैसे वह ही उनका स्थाई निवास हो। पिता जी मोबाइल थामे वाट्सप पर, बिटिया इंस्टाग्राम और बेटा स्नैप चैट पर ऐसे जमे मानो उन्हें वाशरूम किसी स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा हो। माता जी के चिल्लाने का असर यह हुआ कि उनका गला बैठ गया। जैसे-तैसे तीनों बाहर निकले। तब तक माता जी एक नींद पूरी कर चुकी थीं और दूसरी नींद के लिए ऊँघना भी आरंभ कर चुकी थीं। बिटिया ने कहा कि मुझे भूख नहीं है। मैं दोस्त की बर्थ डे पार्टी में पिज्जा-बर्गर खाकर आयी हूँ। बेटे ने कहा कि मैंने भी केएफएसी में जमकर टंगड़ी कबाब खाया है। दोनों अपने-अपने बेडरूम में घुसे और दरवाजा ऐसे बंद किया जैसे दुश्मन को देखकर कोई बंद करता हो। आज के समय में माता-पिता किशोरावस्था के बच्चों के असली दुश्मन होते हैं। वे कुछ भी कहें उन्हें बुरा ही लगता है। पिता जी ने बड़ी मुश्किल से एक रोटी उठाई होगी कि उन्होंने पत्नी पर झल्लाते हुए कहा कि कोई भला कामकाजी और थकेहारे आदमी को ठंडी रोटी खिलाता है? पत्नी भी कहाँ चुप बैठने वाली थी।

# हर विकास कार्य की सुनिश्चित होगी मॉनिटरिंग: रेनू बाला

## सम्पत्ति कर आईडी से सम्बंधित ऑब्जैक्शन दूर करने के लिए सरकार ला रही नया पोर्टल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। महापौर रेनू** बाला गुप्ता ने सोमवार को हुई हाऊस की मीटिंग की अध्यक्षता करते कहा कि नगर निगम के अधीन हर विकास कार्य की मॉनिटरिंग सुनिश्चित होगी। गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए उन्होंने निगम के अधीक्षण अभियंता से कहा कि उनके मातहत सभी एक्सईएन, एई व जेई को निर्देशित करें कि वे इसकी प्राथमिकता पर लें।

सम्पत्ति कर आईडी से सम्बंधित नागरिकों की समस्याएं कम होंगी। सरकार जल्द ही एक नया पोर्टल इजाद करने जा रही है, जिसमें नागरिक नाम और मोबाईल नम्बर डालकर छोटी-छोटी आपत्तियां स्वतः ही दूर कर सकेंगे। इससे निगम कर्मचारियों पर काम का बोझ कम होगा। सोमवार को हाऊस की मीटिंग में निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने अपने सम्बोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. में त्रुटियों को दूर करने के लिए जो आपत्तियां नागरिकों की ओर से दी जा रही हैं, उनका राईट टू सर्विस एक्ट के दायरे में ही समाधान किया जा रहा है, जिसका समय 10 दिन का है, लेकिन आपत्ति को 3 दिन में ही दुरूस्त करने की कोशिश की जा रही है।

शहर के सभी वार्डो में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सम्बंधित पार्षदों का ऑडिट रहेगा। अर्थात इसकी एजेंसी का काम पार्षद की संतुष्टि के बाद ही ठीक माना जाएगा, तदानुसार ही उसकी पेमेंट होगी। काम ठीक से न करने की शिकायम मिली, तो पेनल्टी भी लगेगी। साफ-सफाई के संसाधन भी



एजेंसी को ही पूरे रखने होंगे। निगम की ओर से बनाए गए व्हाट्एप ग्रुप में पार्षद सफाई को लेकर अपनी शिकायत कर सकते हैं, उसका समाधान होगा। उन्होंने बताया कि डोमिसाईल अथवा स्थाई निवास प्रमाण पत्र जारी करवाने को लेकर नागरिकों को परेशानी न हो, इसकी प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाएगा।

गली-मोहल्लों में भय का प्रयाय बने आवारा कुत्तों से नागरिकों को निजात मिलेगी। निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत सरकार की ओर से जारी गाईडलाईन के अनुसार, ऐसे कुत्तों की नसबंदी करवाई जाएगी, इसका टैण्डर लगा दिया है। पशुपालन विभाग की ओर से खतरनाक कुत्तों की वैक्सीनेशन करवाई जाएगी। इस काम को लेकर वार्ड अनुसार मॉनिटरिंग कमेटी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में कुत्तों की संख्या को लेकर एक सर्वे करवाया गया है, जिसमें फिलहाल 19 हजार कुत्ते मौजूद होने की जानकारी नगर निगम को मिली है।

उन्होंने बताया कि विकास कार्य फंड्स की अनुपलब्धता और औचित्य के आधार पर ही करवाए जाएंगे। आगामी मानसून से पहले सभी बरसाती नालों व सीवरेज लाईनो की सफाई करवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछली मीटिंग में जो एजेंडा रखा गया था और जिन प्रस्तावों पर हाऊस की सहमति हुई थी, उसे लेकर कितने काम हुए सम्बंधित अधिकारियों से एक्शन टेकन रिपोर्ट ली जा रही है। आज हुई हाऊस की मीटिंग की ए.टी.आर., आगामी हाऊस की मीटिंग में रखी जाएगी।

अनाधिकृत निर्माण पर चैक रखने के लिए अब सम्बंधित वार्ड के जेई अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि जिस भी वार्ड में अनाधिकृत निर्माण होगा, उसे संज्ञान में लेने और नोटिस देने का काम सम्बंधित जेई करेंगे। ऐसे काम को रूकवाया जाएगा। विभिन्न संचार एजेंसियों द्वारा केबल लाईन डालने के लिए शहर में जहां-जहां गढ्ढे खोदकर उन्हें भरकर समतल नहीं किया गया है, सम्बंधित एजेंसी से ही इस काम को करवाएंगे। इसके लिए उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए। हाऊस की मीटिंग में प्रस्तुत एजेंडा के 19 प्रस्तावों में से 18 हुए पास, 1 रखा लंबित- सोमवार को हुई हाऊस की मीटिंग में 19 प्रस्तावों का एजेंडा रखा गया था।

# पीएनडीटी मामले में जेल में बंद डॉक्टर की हुई मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिला** जेल में पीएनडीटी मामले में बंद डॉक्टर की मौत हो गई। डॉक्टर की तबियत बिगड? पर उसे उपचार के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने डॉक्टर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पानीपत की अंसल सिटी निवासी प्रवीन कादियान जिले के कस्बा असंध में अपना क्लीनिक चलाता था। 14 मार्च से प्रवीन कादियान पीएनडीटी मामले में जिला जेल में बंद था। जेल में अचानक उसकी तबयित बिगड़ गई। उपचार के लिए उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां बीती शाम को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी।

## न्यूज फ्लैश

### सर्व कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** सर्व कर्मचारी संघ ने कच्चे व पक्के कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर रोष जताया गया। जिला करनाल में भी सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मिलकर रोष प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने कर्मचारियों के साथ बातचीत कर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो वह आंदोलन को तेज करेंगे। सोमवार को करनाल में सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारी एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि कच्चे व पक्के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे है, लेकिन सरकार उनकी सुनने को तैयार नहीं है। यदि सरकार ने कर्मचारियों के साथ बातचीत करके कोई ठोस हल नहीं निकाला तो वह जींद में 28 मई को एक रैली कर आंदोलन को तेज करने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने महाराष्ट्र के बिजली कर्मचारी व प्रदेश में सरपंच ई-टेंडरिंग को लेकर उनका समर्थन भी किया।

### गांव जुण्डला के खेतों में मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जुंडला** गांव के पास एक किसान के खेत में मिले युवक के शव की शिनाख्त हो चुकी है। सुमित नामक युवक गांव चोरकारसा का रहने वाला था, जो पिछले कई दिन से घर से लापता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दिया।

उल्लेखनीय है कि गांव जुंडला निवासी किसान जसविंद्र के खेतों में सुमित का शव पड़ा मिला था। खेतों में शव पड़ा होने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने गेहूं के खेत से सुमित निवासी चोरकारसा के शव को बरामद किया था। पुलिस ने युवक के कपड़ों की तलाशी ली तो उसकी जेब से उसका पहचान पत्र बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने रविवार शाम को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया। सुमित का शव देखने में तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। क्योंकि सुमित का चेहरा बुरी तरह से गल चुका था। जिससे उसके चेहरे की पहचान तक नहीं हो पा रही थी। बाद में जब युवक की पेंट की जेब से पहचान पत्र बरामद हुआ तो मृतक की पहचान हो पाई। जुंडला पुलिस चौकी के इंचार्ज विकास कुमार ने बताया कि चार-पांच दिन से सुमित घर से लापता था। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवा रखी थी। सुमित की मौत कैसे हुई? इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### कलियुग में मात्र कीर्तन से मनुष्य आसक्ति के चंगुल से छूट जाता है : मुनि पीयूष

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री आत्म** मनोहर जैन आराधना मन्दिर इन्द्री रोड़ में महाप्रभावी अतिशय शक्तिसंपन्न मनोकामनापूरक श्री घंटाकर्ण महावीर देवता का विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस भक्ति-भावना एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल की याचना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, पवन जैन, सरिता जैन, रूपा, जैन, सुधा जैन, राशि जैन ने अपने भजनों से समा बांधा। नाम है जिसका तारणहारा कब उनका दर्शन होगा, जिसकी प्रतिमा इतनी सुंदर वह कितना सुंदर होगा। जब से यह घंटे वाला मेरा फ्रेंड हो गया, तब से मेरे दुखों का दी एंड हो गया। दे दे थोड़ा प्यार दादा तेरा क्या घट जाएगा यह बालक भी तर जाएगा आदि भजनों ने बोलो ने सभी का मन मोह लिया। श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि कलयुग वैसे तो सभी प्रकार से दोषमय है, परन्तु इसकी एक विशेषता यह है कि इसमें केवल अपने इष्ट-आराध्य के कीर्तन तथा स्तवन से व्यक्ति आसक्ति के चंगुल से छूटकर परमपद को प्राप्त करता है। वही व्यक्ति सर्वोत्तम भक्त है जो सभी प्राणियों में परमात्मा स्वरुप का दर्शन करता है और हर छोटे-बड़े प्राणी को परमात्मा का अंश मानता है। कलयुग में प्रभु नाम ही संसार सागर से तिराने वाली नौका है, जिसके अलावा अन्य कोई निस्तार नहीं है। मुनि जी महाराज ने कहा कि श्री घंटाकर्ण महावीर अत्यधिक चमत्कारी भक्तवत्सल देवता हैं जो अपने दर पर आने वालों की उदारतापूर्वक झोलियां भरते हैं तथा उन्हें नौ निधियों, बारह सिद्धियों से परिपूर्ण करते हैं। इन्हें हिंदू, जैन और बौद्ध तीनों भारतीय परंपरा, लब्धिधारी, संकटमोचक देवता के रूप में मानती हैं जो शारीरिक, मानसिक तथा भौतिक समस्याओं, कष्टों का निवारण कर ऋद्धि-सिद्धि-समृद्धि से निहाल करते हैं, तुष्टि-पुष्टि के विस्तारक हैं, भूत-प्रेत आदि आसुरी शक्तियों की पीड़ा को हरते हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

# घरौंडा की अनाज मंडी में आढ़तियों के बीच जमकर चले लात-घुसे



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा** घरौंडा की अनाज मंडी से जुड़ी कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद के चुनाव के दौरान सोमवार को एक वोट को लेकर आढ़ती आपस में भिड गए। इस दौरान आढ़तियों में जमकर लात घुस्से चले। तनाव को बढ़ता देख भारी पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए डॉ. सुखबीर संधू और पूर्व प्रधान विनोद जैन ने नामाकंन दिया हुआ था। दोपहर बाद मतदान के बाद जब काउंटिंग शुरू हुई तो उम्मीदवार सुखबीर ने दूसरे उम्मीदवार के समर्थकों पर एक वोट को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया। उस वोट पर दोनों तरफ मोहर लगी हुई थी। इसके बाद सुखबीर ने हंगामा करते हुए दोबारा काउंटिंग की मांग की। इस दौरान दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों में कहा-सुनी शुरू हो गई।

# खालसा कॉलेज में हुआ श्री गुरू ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भव्य आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया गुरु नानक** खालसा कॉलेज में समूह विद्यार्थियों की तरफ से श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ का भव्य आयोजन करवाया गया। इस दौरान अखंड पाठ का भोग डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतंर्राष्ट्रीय धाढी जत्था से महल सिंह चंडीगढ वाले ने गुरबाणी का कीर्तन एवं शबद गायन कर सभी संगत को भाव विभोर कर दिया।

बाबा जी तथा उनके शिष्यों ने गुरू की महिमा एवं साहिबजादों की शहादत को नमन किया। उन्होंने गुरु महाराज की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा



कि जो मानव जीवन प्राप्त करके भी परमात्मा को भूल गया है, वो पापी है। प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने सभी संतों और आई साध संगत का अभिनंदन सत्कार किया एवं कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कॉलेज के पूर्व प्रधान एवं सांसद सत्पुरुष समाज सुधारक, राजनेता संत सरदार तारा सिंह के अमूल्य योगदान को याद किया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। सफीदों से आए प्रसिद्ध कथा वाचक सरदार संदीप सिंह खालसा ने कहा कि जो संतों की संगत करता है, वो भवसागर से पार उतर जाता है। डा. जुझार सिंह ने मंच का संचालन किया।

कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस धार्मिक आयोजन के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दस्तार सजौणा प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी समिति के उप प्रधान स. सुरिंद्रपाल सिंह पसरीचा एवं भाई महल सिंह ने सम्मानित किया।

# अमृतपाल पर कार्रवाई का विरोध में सिख समाज ने की मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया वारिस पंजाब** दे के प्रमुख अमृतपाल पर पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की चिंगारी हरियाणा तक पहुंच गई। करनाल के डेरा कार सेवा गुरुद्वारा में सिख समाज ने अमृतपाल के समर्थन में मीटिंग की। मीटिंग में अमृतपाल के खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने और गिरफ्तार किए लोगों को रिहा करने की आवाज उठाई गई। बैठक में फैसला लिया गया कि अगर 21 मार्च तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तो 21 मार्च को ही सिख समाज की बैठक होगी, जिसमें कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा।

सिख समाज के अनुसार अमृतपाल को आतंकवादी खालिस्तानी बताया जा रहा है, जबकि वह वारिस पंजाब दे संगठन का हेड है, जो युवाओं को नशे की गर्त में जाने से रोकता है। केन्द्र सरकार और स्टेट पुलिस अमृतपाल व उसके साथियों को गलत तरीके से गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

अमृतपाल को एक कार्यक्रम में जाते हुए उसके साथियों के साथ अरेस्ट किया गया है, जिसके लिए कोई भी पूर्व नोटिस नहीं दिया गया। अमृतपाल कोई गैर कानूनी काम नहीं कर रहा था और कोई गैर कानूनी काम कर रहा था तो पुलिस को पहले नोटिस जारी करना चाहिए था। जो व्यक्ति पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है, उसी को गिरफ्तार किया जा रहा है।

सिख समाज के लोगों का कहना है कि अमृतपाल युवाओं का नशा छुड़वा रहा है।

## मोतीलाल नेहरू करेगा जिमनास्टिक्स नेशनल की मेजबानी

**राई: जिमनास्टिक्स** नेशनल गेम्स 2022-23 का भव्य शुभारंभ मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय राई के खेल परिसर में 26 से 28 मार्च तक होंगे। जिमनास्टिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सूरज पाल अमू ने कर्नल अशोक मोर, प्रधानाचार्य व निदेशक मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई व उपाध्यक्ष हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के साथ मिलकर होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का जायजा लिया।

# योग और स्वास्थ्य, जीवन का आधार: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वधान में इनोसेंट स्माइल प्री स्कूल, नजदीक साईं मंदिर में चलाई जा रही सायंकालीन योग कक्षा में मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने पहुंचकर योगाभ्यास करवाया। उन्होंने शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास पर बल दिया और कहा कि योग और स्वास्थ्य, जीवन का आधार है। योग हमें हमेशा के लिए निरोग रख सकता है।

कक्षा में स्कूल के निदेशक ईश अरोड़ा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। उन्होंने दिनेश गुलाटी और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सायंकालीन योग कक्षा के द्वारा बहुत से लोग विशेषकर महिलाएं योग का लाभ ले रही हैं। कक्षा के संचालक नीरज गुप्ता और मंजू शर्मा ने योग साधकों को योगिक क्रियाएं करवाई। कक्षा में मौजूद अंजु साईं ने लोगों को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। मिशन के शिक्षक बरखा जिंदल और नवीन जिंदल के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के आसन करवाए गए।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में आश्चर्यजनक सुधार होता है। विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रस्त व्यक्ति भी योग का लाभ लेकर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि योगासन ध्यान और प्राणायाम आदि के नियमित अभ्यास करने से हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को फायदा पहुंचता है। शारीरिक लाभ के अतिरिक्त मानसिक तनाव भी नियंत्रण में रहता है। योग हमारे मस्तिष्क को तनावमुक्त और शांत चित्त रखने में मदद करता है।

# चोरी व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपी

## एक मोटरसाईकिल, दो मोबाइल फोन व एक चाकू बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया थाना कुंजपुरा** की टीम द्वारा चोरी व स्नैचिंग करने की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद किया गया है। थाना कुंजपुरा की टीम द्वारा आरोपी रविन्द्र उर्फ रवि पुत्र बलवंत सिंह व सोनू पुत्र मोहिन्दर सिंह वासियान गांव कलवेहडी जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर कलवेहडी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना कुंजपुरा के एरिया से चोरी व स्नैचिंग करने की तीन वारदातों को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपियों से पूछताछ में जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी स्मैक आदि का नशा करने के आदी है। आरोपी नशा पूर्ति के लिए चोरी व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी चाकू के बल पर राहगीरों से लूटपाट करके मौका से फरार हो जाते हैं। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाईकिल, दो मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल एक चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 19 मार्च को थाना कुंजपुरा में भादंसं की धारा-379 के तहत मामला दर्ज हुआ था, जिसमें शिकायतकर्ता मजीबार अली वासी असम ने बताया कि उससे व उसके दूसरे साथी शोभित पासवान वासी बिहार से 14 मार्च को शाम के समय मैनमति व बड़ागांव के बीच में एक बाईक सवार अज्ञात आरोपियों द्वारा चाकू के बल पर उनसे उनके मोबाइल फोन व नगदी छीनने की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया है। थाना कुंजपुरा में एक अन्य मामला 17 मार्च को भादंसं की धारा-379 के तहत दर्ज हुआ था, जिसमें शिकायतकर्ता जिले सिंह पुत्र बनवारी लाल वासी गांव मैनमति जिला करनाल ने बताया कि 16 मार्च की रात को हवाई पट्टी के सामने से दो अज्ञात युवकों द्वारा चाकू के बल पर उससे उसका मोबाइल फोन व उसका पर्स छीन लिया गया था।

## बी आर ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने पर्यावरण सरंक्षण की शपथ ली

**गन्नौर: खेड़ी** गुज्जर रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण प्रस्तुति एवं लघु नाटिका का मंचन किया गया। स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने गौरैया एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा पहल ने कहा कि गौरैया एक घरेलू पक्षी है। अक्सर यह चिड़िया कच्चे घरों या छप्पर में अपना घौसला बनाती हैं। कच्चे घर और छप्पर की संख्या में कमी के साथ-साथ पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हुई। जंगलों एवं पेड़ों की कटाई ने गौरैया को लगभग विलुप्त कर दिया है।

# महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय ने ड्रोन डेमोस्ट्रेशन में अव्वल

## आईसीएआर-अटारी जोधपुर रीजन के तहत 300 हेक्टेयर में किया डेमोस्ट्रेशन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया आईसीआरएआर-अटारी** जोधपुर रीजन के अंतर्गत आने वाले 25 कृषि सम्बधित संस्थानों में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल द्वारा ड्रोन डेमोस्ट्रेशन में प्रथम स्थान किया है। एमएचयू के ड्रोन प्रोजेक्ट के तहत फरवरी माह तक 300 हेक्टेयर में ड्रोन डेमोस्ट्रेशन का लक्ष्य हासिल किया है, जो निर्धारित टारगेट का करीब 124 प्रतिशत हैं। बता दें कि आईसीएअर अटारी जोधपुर रीजन में जिनमें अम्बाला, बीकानेर, भीलवाड़ा, दिल्ली, गुडगांव, झुझंनू, महेंद्रगढ़, सोनीपत, टांक,



पाली, जोधपुर भरतपुर, अजमेर, करनाल, कोटा, उदयपुर, हिसार आदि क्षेत्र शामिल हैं, जिनको 31 मार्च तक 343 हेक्टेयर में ड्रोन का ड्रेमोस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था। इनमें क्षेत्रों में एमएचयू द्वारा तीन सौ हेक्टेयर में ड्रोन डेमोस्ट्रेशन किया, जबकि दूसरे स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र महेंद्रगढ़, 80 एकड़ जबकि कृषि विज्ञान केंद्र टांक 35 एकड़ में ड्रोन का डेमोस्ट्रेशन किया गया है। लक्ष्य को हासिल करना एमएचयू के लिए गौरव की बात हैं। काबिलेगौर है कि एमएचयू के ड्रोन प्रोजेक्ट के तहत शुरू से ही काफी सराहनीय कार्य किए गए हैं, जिनके चलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एमएचयू की ड्रोन पायलट निशा सोंलकी के कार्यों की सराहना की। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के सह निदेशक विस्तार शिक्षा के डॉ. सतेंद्र यादव ने बताया कि ड्रोन प्रोजेक्ट 31 मार्च को समाप्त होगा। अब तक पूरे हरियाणा में एमएचयू 310 हेक्टेयर में 256 किसानों को डेमोस्ट्रेशन दिया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का करीब 124 प्रतिशत प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि 16 फसलों के ऊपर कीटनाशक दवा, खाद व बॉयो फर्टिलाइजर के प्रदर्शनी प्लांट लगाया है। एमएचयू करनाल द्वारा ड्रोन खरीदें गए हैं तथा ट्रेनिंग संस्थान को विकल्प के रूप में रखा हैं। किसानों के ऊपर दवाइयों का विपरीत असर न पड़े। क्योंकि सप्रे के दौरान दवा चढने. से किसानों को स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें होती रहती थी। वहीं हरियाणा प्रदेश कृषि प्रधान राज्य हैं। अगर ड्रोन से सप्रे होगा तो किसानों पर दवा चढने.से होने वाले स्वास्थ्य संबंधित प्रभाव नहीं पड़ेगा। दूसरा पानी की बचत होगी, एक एकड़ में सप्रे करने पर 10 लीटर पानी लगेगा।

# नियम 7 ए के उल्लंघन के मामलों में रजिस्ट्री पर पाबंदी रहेगी: दुष्यंत





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रदेश के उप**-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में कहीं भी रजिस्ट्री पर पाबंदी नहीं लगाई है। अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री सरकार नहीं कर रही है जिन कॉलोनियों में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा एनओसी दी गई है और शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रॉपर्टी आईडी जारी की है, उन जगहों की रजिस्ट्री में किसी तरह की दिक्कत नहीं है। नियम-7 ए के उल्लंघन के मामलों में रजिस्ट्री पर पाबंदी रहेगी। सोमवार को थानेसर से भाजपा विधायक सुभाष सुधा द्वारा उठाए गए मुद्दों पर दुष्यंत ने सदन में यह जवाब दिया। सुधा ने आरोप लगाया कि उनके यहां उन कॉलोनियों में भी जमीनों की रजिस्ट्री नहीं हो रही जिन्हें 25 साल पहले नियमित किया जा चुका है। 2000 में टीपी स्कीम के तहत जो कॉलोनियां बनी थी, उनमें भी जमीनों की खरीद-फरोख्त रुकी हुई है। सुधा ने कहा कि इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। इस पर दुष्यंत ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी रजिस्ट्री बंद नहीं है। अवैध कॉलोनियों को रोकने के लिए ही सरकार ने नियम 7 ए लागू किया है। नियम 7 ए में संशोधन से पहले हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों के विनियमन अधिनियम-1975 में कोई भी सर्वेक्षण करने का प्रावधान नहीं है। सरकार ने अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन को छोड़कर किसी भी प्रकार की भूमि के लिए रजिस्ट्री बंद नहीं की है। दुष्यंत ने कहा कि कुछ जगहों पर ऐसी शिकायतें हैं। सरकार पूरा रिकार्ड अपलोड कराएगी ताकि रजिस्ट्री में किसी तरह की दिक्कत न आए।

## जमीन मिलने पर पंचकूला से कलानौर तक फोर लेन बनवाएगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

यमुनानगर में पंचकूला-कलानौर तक फोर लेन सड़क बनाई जाएगी। बशर्ते इस सड़क के लिए जमीन का प्रबंध स्थानीय विधायक को नागरिकों के सहयोग से करना होगा। राज्य सरकार ई-भूमि पोर्टल के जरिये जमीन की तलाश करेगी। यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उठाए गए इस सड़क के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि जमीन का प्रबंध होते ही सरकार सड़क निर्माण करवा देगी।

उन्होंने माना कि यमुनानगर से कैम्प के समीप वाया लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 344 (पंचकूला कलानौर) तक नई सड़क बनाए जाने की जरूरत है। सिटी में होने की वजह से जमीन नहीं मिल पा रही है। उन्होंने अरोड़ा से आग्रह किया कि वे भी किसानों को इसके लिए राजी करें। सरकार जमीन मिलते ही सड़क का निर्माण कराएगी।

## परीक्षाओं के बाद अतिथि अध्यापकों को मिलेंगे मनचाहे स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में चल रही परीक्षाओं के बाद अतिथि अध्यापकों के तबादले किए जाएंगे, जिसमें सभी अध्यापकों को मनचाहे स्टेशनों के स्कूल मिल सकेंगे। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान समालखा विधायक धर्म सिंह छोक्कर ने भी यह मुद्दा उठाया। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कहा कि दूरस्थ जिलों में तैनात अतिथि अध्यापकों की शिकायतों के निवारण के लिए विभाग ने शिकायत निवारण अभियान चलाया गया। इसमें 1699 अतिथि अध्यापकों ने भाग लिया और इनमें से 1347 अतिथि अध्यापकों को उनके पसंद के विद्यालय में अस्थाई प्रतिनियुक्ति के आधार पर समायोजित किया गया। गुर्जर ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र में इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थानांतरण अभियान के दौरान कुछ अतिथि अध्यापकों को उनके गृह जिलों से दूर स्थानांतरित किया गया है, लेकिन भविष्य में इनकी समस्याओं



को सुलझाने के लिए सरकार प्रयासरत है। धर्म सिंह छोक्कर ने पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) की भर्ती के लिए एग्जाम के बदले नियमों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा लोकसेवा आयोग ने पहले ऑब्जेक्टिव एग्जाम लेने का निर्णय लिया था। अब आयोग ने सब्जेक्टिव एग्जाम लेने का निर्णय लिया है। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हरियाणा लोकसेवा आयोग स्वतंत्र संस्था है और अपने हिसाब से काम करता है। आयोग के कार्यों में सरकार का किसी तरह का दखल नहीं रहता। यह आयोग को तय करना है कि उसे ऑब्जेक्टिव एग्जाम लेना है या फिर सब्जेक्टिव। आयोग हर पद के लिए पाठ्यक्रम जारी करता है और उसी अनुसार परीक्षा लेता है।

## जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी संरक्षण है: बंडारू दत्तात्रेय

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

**देश भर** में स्थायी जल संरक्षण और इसके प्रबंधन में बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से गुरुग्राम विश्वविद्यालय में जल धन यात्रा अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सुखराली गांव स्थित तालाब पर महा जल-संकल्प आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल डॉ. बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए। कार्यक्रम का आयोजन गुरुग्राम विवि के सहयोग से वसंत लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट और हरियाणा तालाब प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा वाईस चेयरमैन हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल एवं प्रभाकर कुमार वर्मा एग्जीक्यूटिव वाइस-चेयरपर्सन हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने जल संरक्षण पर जीयू के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई पोस्टर और नारों की प्रदर्शनी की प्रशंसा की। साथ ही साथ उन्होंने गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्रों द्वारा जल संरक्षण पर बनाई गई



**8 गुरुग्राम विवि के सहयोग से वसंत लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट और हरियाणा तालाब प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में किया**

वृत्तचित्र/लघु फिल्म की भी तारीफ की। इस अवसर पर सभी ने राज्यपाल के साथ मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी संरक्षण है, इसलिए जल संरक्षण के साथ जल का प्रबंधन करना बहुत आवश्यक है। आज पानी की कमी चिंताजनक स्थिति में है और कई राज्यों में पानी को लेकर विवाद है। इसलिए सभी लोग जल संरक्षण का संकल्प लें। पानी बचाना केवल सरकार और किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, यह सभी की सामूहिक जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल के संरक्षण व संवर्धन को लेकर विशेष चिंतित रहते हैं। इसलिए उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया है। जिसके तहत हर घर में नल से पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पानी को सहेजने के उपाय भी किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कुपति प्रो. दिनेश कुमार और उनकी पूरी टीम को जल संरक्षण जैसे गंभीर विषय पर विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वीएलसी ट्रस्ट एंड रिसर्च सेंटर की अध्यक्ष डॉक्टर वंसत लक्ष्मी रवि कुमार ने बताया कि जल धन यात्रा 2023 का उद्घाटन 16 जनवरी 2023 को नई दिल्ली में गजेंद्र सिंह शेखावत जल शक्ति मंत्री द्वारा किया गया था।

## हांसी में चाकू घोंप कर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/हांसी**

**हरियाणा** के हांसी के साथ लगते गांव सुल्तानपुर में बीती रात एक युवक सुरेंद्र की चाकू घोंप कर निर्मम हत्या कर दी गई। हमलावरों ने चाकू से उसकी गर्दन पर कई वार किए। युवक की मौके पर मौत हो गई। उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल है, जिसे हिसार के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मृतक सुरेंद्र के पिता बलवंत की शिकायत पर 2 युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हांसी के गांव सुल्तानपुर निवासी बलवन्त ने बताया कि रविवार रात 11.30 वह व ईश्वर अपने खेत से गांव की तरफ जा रहे थे। दीनवाली जोहड़ के पास पहुंचे तो बणी में दाहिमा रोड़ पर एक स्कार्पियो रोड़ पर खड़ी थी। वहां से झगड़े की आवाज सुनाई दी। उन दोनों ने बणी की तरफ जाकर देखा तो उसके बेटे सुरेंद्र व रामफल उर्फ सोमबीर को दो युवा चाकू से मार रहे थे। उन्होंने देखा कि हमलावर सुल्तानपुर निवासी साहिल और रामभगत फौजी के लड़के अमित का साला झज्जर के पहाड़ीपुर निवासी साहिल था। दोनों हाथ में चाकू लेकर उसके बेटे सुरेंद्र और उसके साथी रामफल उर्फ सोमबीर पर वार कर रहे थे। दोनों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो वह बणी से होते हुए भाग गए। सुरेंद्र जमीन पर गिरा हुआ था और उसकी चाकू से गर्दन कटी हुई थी। वह खून से लथपथ था।

## विधानसभा स्पीकर के साथ उलझे इनेलो विधायक अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** विधानसभा में सोमवार को इनेलो विधायक अभय चौटाला ने सदन में विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता पर अमर्यादित टिप्पणी की। इसके बाद सदन का माहौल गरमा गया।सदन के नेता मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री स्पीकर के समर्थन में आ गए। स्पीकर ने अभय चौटाला को एक दिन के लिए सदन से नेम कर दिया। इससे पहले भी इस सत्र के दौरान अभय चौटाला के दो दिन के लिए नेम किया जा चुका है। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान उस समय विवाद पैदा हो गया, जब अभय सिंह चौटाला ने डार्कजोन के मुद्दे पर तालाबों के सौंदर्यकरण का मुद्दे को भी उठाया। स्पीकर ने उन्हें टोका तो अभय ने



फिर से स्पीकर पर टिप्पणी कर डाली। इससे माहौल बिगड़ गया और स्पीकर ने अभय को मयार्दा में रहने की नसीहत दे डाली। आपसी विवाद ने आग में उस समय घी डालने का काम किया, जब अभय सिंह चौटाला ने स्पीकर पर निजी टिप्पणी कर दी। अभय ने कहा, मैं आपके बारे में भी सवाल लगाऊंगा, तब आपको पता लगेगा। इस पर भड़के स्पीकर ने कहा, जो सवाल लगाना है लगाएं, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। हंगामे के बीच स्पीकर गुप्ता ने अभय को नेम करके सदन से बाहर जाने का फैसला सुना दिया। इसके बाद भी अभय ने बहस जारी रखी और अपनी सीट पर बैठे रहे।

## रोहतक में गौरक्षकों और तस्करों में मुठभेड़, फायरिंग में बाल-बाल बचे गौरक्षक

### आरोपियों ने पुलिस की गाड़ी को भी मारी टक्कर, तस्करों ने बचने के लिए गौरक्षकों पर फायरिंग भी कर दी

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**हरियाणा के** रोहतक व झज्जर की सीमा के पास रात को गौ तस्करों का आतंक देखने को मिला। पिकअप लेकर आए गौ तस्करों की गौरक्षकों के साथ मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने बचने के लिए गौरक्षकों पर फायरिंग भी कर दी। वहीं गौ तस्करों का पीछा कर रही पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारकर आरोपी मौके से फरार हो गए। साथ में झज्जर सीमा में जाने के बाद फायरिंग भी की। सांपला में 16 मार्च को गौ तस्करों की पिकअप गाड़ी गौवंश को ले जाते हुए सीसीटीवी में कैद हो गई थी। वहीं रविवार-सोमवार रात को भी गौ तस्कर गौवंश की तस्करी करने के लिए पहुंचे। जैसे ही गौरक्षा दल और पुलिस को

**8 पिकअप लेकर आए गौ तस्करों की गौरक्षकों के साथ मुठभेड़ हो गई। तस्करों ने बचने के लिए गौरक्षकों पर फायरिंग भी कर दी**

इसकी भनक लगी तो उन्होंने गौ तस्करों का पीछा किया।

**डायल 112 की गाड़ी को मारी टक्कर:** गौ तस्करों ने बचने के लिए गौ रक्षकों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। वहीं गौ रक्षकों पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इधर, गौ तस्करी का पता लगते ही तस्करों का पीछा करने के लिए पुलिस की एफ्श गाड़ी भी पहुंची। तस्करों का पीछा कर रही डायल 112 की गाड़ी को भी पिकअप से टक्कर मार दी और फरार हो गए। गनीमत रही कि इस हादसे में पुलिस कर्मचारियों को अधिक चोटें नहीं आई।

**दो बार आए तस्कर:** गौरक्षा दल के एक सदस्य दीपक ने बताया कि रात को पता लगा कि गौ तस्करों की गाड़ी सांपला में आई हुई है। रात करीब एक बजे पिकअप गाड़ी को देखा तो उसका पीछा किया। तस्कर अपनी गाड़ी को भगा ले गए।

## अवैध रूप से चल रहे ईट भट्टे पर सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

**पलवल** के गांव मित्रोल के समीप अवैध रूप से चल रहे एक ईट के भट्टे पर फरीदाबाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान टीम के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनन विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। फरीदाबाद सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चेची ने सोमवार को बताया कि टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई। गांव टीकरी ब्राह्मण से औरंगाबाद वाले रास्ते में मैं योगी राज भट्टा बिना संबंधित विभाग की अनुमति के चल रहा है। सूचना के आधार पर उनकी टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनन विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर उक्त भट्टे पर छापामार कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान ईट भट्टा पर मुंशी ओमप्रकाश मिला। जिसने बताया कि इस भट्टे का संचालक योगेश पुत्र किशन सिंह निवासी गांव कलसाडा है। जिसके द्वारा मैं योगीराज भट्टा कंपनी औरंगाबाद के नाम से चलाया जा रहा है और यह भट्टा जनवरी माह वर्ष 2023 से चल रहा है। जिसमें अब तक करीब 14 लाख कच्ची ईट तैयार हो



चुकी है। भट्टा के संबंध में खनन निरीक्षक द्वारा बताया गया कि भट्टा संचालक द्वारा मिट्टी उठान की कोई अनुमति नहीं ली गई है जबकि 5000 एमटी मिट्टी का उठान किया हुआ है। जिस संबंध

**8 छापेमारी के दौरान टीम के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनन विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे**

में विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ रणदीप संधू ने बताया कि विभाग द्वारा भट्टा संचालक को भट्टा लगाने की अनुमति दी गई है, लेकिन भट्टा चलाने के लिए सीटीयू नहीं दिया गया है। जिस कारण वर्ष 2021 में इस भट्टे को सील कर दिया गया था। मौके पर सील तोड़कर भट्टा चलता पाया गया है। जिस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भट्टे के इंजन आईडी फैन को उन्हें सील कर दिया गया है व विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस भट्टा संचालक द्वारा खाद्य आपूर्ति विभाग से 31 मार्च वर्ष 2021 तक का लाइसेंस लिया हुआ था। उसके बाद विभाग से नियमानुसार लाइसेंस रिन्यू ना कर-के तथा संबंधित विभागों से बिना अनुमति लिए अवैध रूप से भट्टा चलाया जा रहा था। जिस संबंध में संचालक योगेश कुमार के विरुद्ध अभियोग अंकित कराया जा रहा है।

## कैथल के अम्बेडकर कॉलेज में बढ़ेंगी आर्ट्स की सीटें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**कैथल** में चल रहे अम्बेडकर कॉलेज में आर्ट्स की सीटों को बढ़ाया जाएगा, इसके लिए सरकार अध्ययन करेगी और इसके हिसाब से निर्णय लिया जाएगा। यहां से विधायक लीला राम गुर्जर ने सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया था। उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जरूरत के हिसाब से सरकार ने निर्णय लिया। उन्होंने शहर में महिला महाविद्यालय खोलने से साफ इनकार कर दिया। मूलचंद ने कहा कि कैथल से पांच किमी दूर जगदीशपुरा में सरकारी कॉलेज चल रहा है। सरकार ने 20 किमी की परिधि में एक कॉलेज खोलने का निर्णय लिया हुआ है। कैथल जिला में पांच राजकीय, सात एडिड और दो प्राइवेट कॉलेज चल रहे हैं। जिला में चल रहे अधिकांश कॉलेज कैथल हलके से 5 से लेकर 32 किलोमीटर के दायरे में हैं। गुर्जर ने कैथल के अम्बेडकर कॉलेज में आर्ट्स की सीटों को बढ़ाने की मांग को कैबिनेट मंत्री ने स्वीकार करते हुए कहा कि इस बारे जल्द निर्णय लिया जाएगा।

## फतेहाबाद में होटलों-कैफे पर पुलिस रेड

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**हरियाणा** के फतेहाबाद के रतिया में आज सीआईए स्टाफ की टीमों ने कई होटलों और कैफों पर ताबड़तोड़ रेड की। कई जगहों पर 2 दर्जन के आसपास युवक-युवतियां बैठे मिले। सभी को पुलिस टीमें अपने साथ थाने ले गईं। सभी से पूछताछ जारी है। वहीं शहर पुलिस की टीमें भी डीएसपी शुक्रपाल के नेतृत्व में दोपहर को इन होटलों और कैफों में पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने यहां तक भी बताया कि एक होटल में युवक-युवती ने दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर भाग गए। हालांकि पुष्टि नहीं हो पाई। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई



जारी थी। इस कार्रवाई से पूरे शहर में न केवल चर्चा थी, बल्कि हड़कंप मचा हुआ था। जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड के पीछे गलियों में काफी संख्या में होटल व कैफे खुल गए हैं। बताया जा रहा है कि एडीजीपी श्रीकांत जाधव द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर किसी ने फोन कर इस बाबत सूचना दी गई कि यहां पर गलत कार्य भी हो सकते हैं।

## विधायक भव्य ने आदमपुर नगरपालिका भंग करने सहित सदन में रखी अनेक मांगे

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**जिले के** आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भव्य बिश्नोई ने विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना की और अनेक सुझाव भी अपनी ओर से दिए। उन्होंने सदन में एसवाईएल जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी सदन को एकजुटता के साथ प्रयास करने का सुझाव दिया तथा आदमपुर नगरपालिका को भंग करने, आदमपुर में स्पोर्टस यूनिवर्सिटी खोलने, आदमपुर बस स्टेंड व अस्पताल को अपग्रेड करने, बीड़ हिसार के पांचों गांवों को मालिकाना हक देने सहित



अनेक मांगों को विधानसभा में रखा। भव्य ने सोमवार को कहा कि विकास पुरूष मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने सुशासन से राज्य के किसान, गरीब, मजदूर, महिला, युवा, कमेरे सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए नेक, नीयती से कार्य करते हुए ईमानदार सरकार के रूप में लोगों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने बजट में आगामी वर्ष में 65 हजार नौकरियां और दो लाख युवाओं को कौशल बनाने की घोषणा की है। सरकारी नौकरियों में भाई-भतीजावाद खत्म करके और तमाम धांधलियां समाप्त करके हमारी सरकार ने युवाओं के दिलों में विशेष जगह बनाई है। पूरे हरियाणा में अनेक ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे कि गांवों में गरीब परिवार का पढ़ा लिखे युवा ने इस सरकार में बिना किसी रिश्वत एवं सिफारिश के नौकरी पाई है। यह बहुत बड़ी बात और बहुत बड़ा बदलाव है। आदमपुर पर बोलते हुए विधायक भव्य ने कहा कि क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए बेहतरीन चिकित्सा संस्थान की जरूरत है, जिसमें गंभीर किस्म के रोगियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक मशीनें, चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हो सके। गुरूग्राम-सिरसा इकोनॉमिक कॉरिडोर प्लान से आदमपुर को जोड़ा जाए ताकि यहां आर्थिक विकास हो सके। आदमपुर को औद्योगिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र घोषित किया जाए। सरकार की तरफ से औद्योगिक इकाई लगाई जाए। आज के युग में ऊर्जा के विभिन्न प्राकृतिक स्त्रोंतों में से सौर ऊर्जा एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।

# युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/संजीव कौशिक**
**शहीद भगत,** राजगुरू एवं सुखदेव की पुण्यतिथि पर युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया तथा डैडलिफ्ट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें खिलाड़ियों को लाखों रुपए के पुरस्कार वितरित किए गए, इसके साथ ही तीनों महान बलिदानियों को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए शपथ पत्र भरवाकर दर्जा देने की मांग भी उठाई गई। साथी फाऊंडेशन एवं शहीद सम्मान समिति के प्रयास से रविवार भगवान महावीर इंजीनियरिंग कालेज, फाजिलपुर के प्रांगण में शहीदों को नमन करते हुए प्रसिद्ध लोक गायक गजेन्द्र फौगाट ने जब ह्यह्यकरनी है तो रीस करो भगत सिंह सरदार कीह्नह्न गीत प्रस्तुत किया तो




युवा खिलाड़ी झूमने लगे। सात घंटे तक चली डैडलिफ्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन तथा मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पुरस्कार वितरित किए तथा सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:- (टीनेज ग्रुप) - 6 वर्ष के अयान ने 50 किलो वर्ग भार में प्रथम स्थान प्राप्त करके सभी को चकित कर दिया, इसके अतिरिक्त वंश कौशिक, अभिषेक, तनिष, वंश टीनेज ग्रूप में ओवर ऑल विजेता रहे इसके अलावा (महिला वर्ग) - गीता, सुमन गोस्वामी, मीनू, साक्षी मोर, पूजा त्यागी, रीना, मंजु बाला, (सीनियर्स वर्ग) - साहिल बत्रा, पंकज, हिमांशु खत्री, मनोज त्यागी, संदीप, अनिल, जितेन्द्र, (जूनियर्स) - सौरभ, राहुल, तुषार सरोहा, अमन तनुजा, कुनाल, सुमित कुमार, अश्वनी, (सब जूनियर) - दुर्गेश कुमार, प्रीतिश, हार्दिक खत्री, राजन राजपाल, रोहित डागर, अभिषेक एवं (मास्टरर्स) - संदीप कुमार आदि ने अपने-2 स्थान पर रहते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में शहर के सभी जिम संचालकों को भी केसरिया पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से हरि प्रकाश सैनी, लाला मुनिराम, संजीव वलेचा, अतुल जैन, नीरज सोनी, अमित जैन, नरेश वर्मा, नवीन मंगला, नीरज खापरा, मनीष गुप्ता पहलवान, साहिल, प्रदीप गोल्डी, विशाल, अनिल आंतिल एवं निर्णायकों की भूमिका राजेश, धर्मेन्द्र, गौरव, रिंकू एवं संजय ने बखूबी निभाई।

# जाट समाज का इतिहास गरिमापूर्ण: डॉ नवीन नैन भालसी



**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
**अंतर्राष्ट्रीय** जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानिया व पी एस कलवानियां व अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम,पंचकूला के राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में पधारे सभी मेहमानों को पुष्पगुच्छ भेंट करके व राजस्थानी साफा पहनाकर कर स्वागत किया। इस दौरान महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सम्बोधन में कहा कि जाट समाज का इतिहास इतना गरिमापूर्ण व बलवान है परन्तु इतिहासकारों ने समाज के लिए बलिदान देने वालों के लिए न्याय नही किया,उन्होंने वीर गोकुला जाट का उदाहरण देते हुए बताया कि 20000 जाटों की फौज तैयार करके ओरगजेंब से तीन बार युद्ध लड़े व उनकी फौज मे लडाके बिना वेतन के काम करते थे।ओरंगजेब ने जब वीर गोकुला को माफी माँगने व मुस्लिम धर्म अपनाने को कहा परन्त वीर गोकुला जाट ने मना कर दिया फिर ओरगजेब ने नाराज होकर वीर गोकुला जाट के शरीर के कई टुकड़े करवा दिए थे फिर उनके पुत्र राजाराम ने कब्र से अकबर की हड्डियाँ निकाल कर जला कर बदला लिया था। उन्होंने बताया कि महाराजा सूरजमल व महाराजा रणजीत सिंह कभी भी युद्ध में पराजित नहीं हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ,चौधरी अभय सिंह चौटाला ,चौधरी बिरेन्दर सिंह,जम्मू-कश्मीर से पूर्व केबिनेट मन्त्री सरदार मन्जीत सिंह चहल,पूर्व विधायक विक्रम सिंह रंधावा जम्मू-कश्मीर,चरखी दादरी से विधायक सोमबीर सांगवान,चौधरी विरेंद्र सिंह कादियान आप पार्टी से विधायक दिल्ली,बैंगलुरु से बिजनेसमैन राम सिंह कुल्हरी,कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता पंजाब अमृत कौर गिल,हरियाणवी सुपर स्टार बिन्दर दनौदा,के डी रोक्स्टार,अमीत ढुल,दीप सिसाय बिजनेसमैन,चौधरी प्रेम सिंह भालसी बिजनेसमैन,दादा बजजीत सिंह मलिक खाप प्रधान,रोहित अहलावत लंदन,मोहित नैन आस्ट्रेलिया,प्रवीन दलाल कनाडा,बालेन्दर सिंह कुण्डु अमेरिका,अनुज तालियान वर्ल्ड चैम्पियन-बॉडी बिल्डर,विपनेस चौधरी गोल्ड मेडलिस्ट बॉडी बिल्डर,पवन जाखड बॉडी बिल्डर,नीरज गोयत अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर आदि का पहुँचने पर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने स्वागत,सत्कार किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने उद्बोधन करते हुए सभी देश-प्रदेश व विदेश से आए जाट समाज के सभी साथियों का प्रोग्राम में पहुँचने पर धन्यवाद किया।

## न्यूज फ्लैश

### अम्बाला में तेज बारिश के कारण किसानों की फसलों को नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** में आज दोपहर हुई तेज बरसात से एक ओर जहां मौसम में काफी ठंडक आ गई तो वहीं दूसरी ओर बरसात होने के कारण किसान भी काफी परेशान हो रहे है। किसानों का कहना है कि गेंहू कि फसल तैयार है। ऐसे में एक ओर वह गेंहू की कटाई के बारे में सोच ही रहे थे कि अब अचानक बरसात आ गई जिसके चलते खेतो में पानी फिर से भर गया है। कई क्षेत्रो में गेंहू की फसल गिर गई है। जिसके कारण किसानों की मुसिबत बढ़ गई है। उन्होनें कहा कि पानी के कारण खेतो में जाना बहुत मुश्किल हो गया है। वहीं मंडियो में पड़ी सरसों की फसल भी बिक्री के लिए इंतजार कर रही है। लेकिन बरसात के कारण सरसों को भी नुक्सान हो रहा है। किसानों का कहना है कि उन्हे खराब फसलों के लिए मुआवजा दिया जाए।

### बेमौसम बारिश से धुली किसानों की उम्मीदें, सरसों के साथ गेंहू की लहलाती फसल जमीन में लेटी, किसानों की चिंता बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**सोमवार** को दोपहर बादलों की आवाजाही के बीच तेज हवाएं व गड़गड़ाहट सुनाई दी तो किसान टकटकी लगाए आसमान में भगवान से प्रार्थना करते दिखाई दिए। तेज हवाओं के साथ बैमोसमी बरसात से जहां शहर की सड़कों पर जलभराव हुआ वहीं किसानों की गेंहू की खड़ी फसल जमीन में लेट गई। इस समय रबी की फसल पूरी तरह से तैयार खड़ी है। ऐसे में बरसात किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का काम कर रही है। इन दिनों सरसों की फसल पकने के बाद फसल कटाई का दौर भी शुरू हो गया है। गन्नौर में किसानों द्वारा 3 हजार एकड़ में सरसों की बिजाई व 52 हजार एकड़ भूमि में गेंहू की बुवाई कर रखी है जो पकने की तरफ है। वहीं पिछैती सरसों बुआई वाली फसलों का पकने का समय है। मौसम की मार किसानों के चेहरे पर साफ झलक रही है। तेज बरसात में बारिश से खेतों में कट रही सरसों की फलियां झड़ने के कारण उत्पादन घटने की पूरी संभावना हो गई है। कृषि विभाग के अनुसार वर्षा होने पर खेतों में खड़ी सरसों की फसल में काफी नुकसान हो सकता है। मौसम में दूसरे दिन भी बदलाव नजर आने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।
**लहलहाती गेहूं की फसल को हवा ने बिगाड़ा गेहूं का रूखः मौसम** परिवर्तन के साथ जहां सरसों की फसल को लेकर किसान परेशान हैं। वहीं तेज हवाओं के कारण खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा दिया है। आलम है कि सोमवार को हुई बरसात में तेज हवा चलने से कई जगह खेतों में खड़ी फसल लेट गई जिसे देखकर किसान मायूस हैं।
**मौसम परिवर्तन से सरसों व गेंहू की फसल में नुकसान : डा. श्योराणः खंड** कृषि विभाग के अधिकारी डा. आन्नद श्योराण ने बताया कि मौसम परिवर्तन से सरसों की फसल में नुकसान है। खड़ी सरसों की फसल के साथ काटी फसल में भी नुकसान है। साथ ही जिन किसानों ने गेहूं की फसल में हाल ही में सिंचाई की है। ऐसे में हवा चलने से गेहूं की फसल को भी नुकसान हो सकता है।

### ऑडिटर सीजीडीए बने निजामपुर के पंकज भास्कर



**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**गांव** निजामपुर के पंकज भास्कर पुत्र दिलबाग भास्कर का एसएससी सीजीएल ऑडिटर सीजीडीए के पद पर चयन हुआ है। जोकि पंकज भास्कर ने 2021 के बैच में ऑडिटर सीजीडीए के पद पर परीक्षा दी थी। जंहा पंकज को ऑडिटर सीजीडीए में 2897 वां रैंक प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार पंकज भास्कर शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर से ग्रेजुएशन की है। वही पंकज के पिता दिलबाग भास्कर एक किसान है व माता गृहणी है। पंकज ने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। पंकज ने बताया कि उनके द्वारा ग्रेजुएशन करने के बाद दिल्ली में एक निजी कोचिंग सेंटर से कोचिंग लेने के साथ अलग से 8 से 10 घंटा पढाई मे रूची रखते थे।

# दंगल में पहलवान सुमित ने खिताब जीता



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर उपमंडल के** लड़सौली गांव में पदम श्री गुरु हनुमान कुश्ती, कबड्डी अकेडमी में आयोजित विशाल दंगल का समापन हो गया। दंगल में रोचक मुकाबले देखने को मिले। समापन पर बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर दंगल शुरू कराया। कादियान ने कहा कि वर्तमान में युवाओं का रुझान खेलों की ओर बढ़ा है। वह खेलों के माध्यम से अपना कैरियर बना रहे हैं। ग्रामीण अंचल में विशाल दंगल होने से क्षेत्र की प्रतिभाओं को सीखने के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि दंगल मिट्टी से जुड़ा खेल है। खिलाड़ी मेहनत करेगा तो उसके खेल में निखार आएगा। हरियाणा की पहचान किसान व खिलाड़ी है। इसके बाद शुरू हुए दंगल में दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम के पहलवान सुमित मलिक ने उत्तरप्रदेश के पहलवान आर्यन को हराकर गुरु हनुमान भारत केसरी, गुरु हनुमान कुश्ती अकेडमी लड़सौली के पहलवान संदीप ने खन्ना (पंजाब) के पहलवान संदीप कुमार को हराकर गुरु हनुमान कुमार, पहलवान काजल सोनीपत ने गुरु हनुमान महिला भारत केसरी और गुरु हनुमान कुश्ती अकेडमी लड़सौली के पहलवान मुनित मोर ने गुरु हनुमान बाल केसरी का खिताब जीता। विजेताओं को गदा व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल माता धनकौर स्पोर्ट्स क्लब एवं गुरु हनुमान समिति के संयुक्त तत्वाधान में पदम श्री द्रोणाचार्य गुरु हनुमान जी के 123 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से पहुंचे करीब 250 छोटे व नामी पहलवानों ने दांवपेंच कर जोर आजमाइश की।

# नन्यौला में होने वाली जनसभा को लेकर जनता को दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व विधायक** व सदस्य जसबीर मलौर ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत सौंटा , सौंटी , मेहंला , भुन्नी, काठगढ़ , छपरा , रोशनपुर कगंवाल ,कलावड, हिम्मतपुरा , जैतपुरा गांवो का दौरा किया व आने वाली 26 मार्च को नन्यौला में राज्यसभा सासंद दीपेन्द्र हुडा की होने वाली जनसभा को लेकर जनता को निमंत्रण दिया । उन्होने बताया कि 26 मार्च, दिन रविवार को शाम 4 बजे राज्यसभा सासंद दीपेन्द्र हुडा विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मलौर ने भाजपा जजपा सरकार तर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा-जजपा सरकार ने दोनों हाथो से लूटने का काम किया है व प्रदेश की जनता आने वाले चुनाव में हिसाब चुकता करेगी । भाजपा-जजपा सरकार से जनता इस हद तक तंग है कि सरकार के मन्त्री और विधायक जनता के बीच जाने से कतराते है।
आज पूरे प्रदेश के हालात खराब है । कभी किसान धरना देते है , कभी सरकारी कर्मचारियों की आवाज दबाई जाती है। सरपंचों के साथ सरकार तानाशाही कर रही है । जनता भाजपा -जजपा सरकार को उसके कुशासन का सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

# लोगों को चाहिए कि वह ट्रैफिक नियमों की पालना करें: एसएचओ जोगिंदर



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) देश में** हर रोज सड़क दुर्घटना के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है । भारत सरकार और ट्रैफिक पुलिस लगातार कोशिश कर रही है की सड़क हादसों को रोका जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के आंकड़ों में कमी लायी जा सके।
इसके लिए सरकार और ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान भी चला रही है और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है बावजूद उसके लोग है के ट्रैफिक के नियमों की जमकर धज्जियाँ उड़ाते नजर आते है। अब ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे लोगों पर नकेल कसी जा रही है जो भारी वाहन अपने लाइन छोड़ दूसरी लाइन में चलते हैं या फिर ओवर स्पीड से चलते है । ट्रैफिक पुलिस लगातार ऐसे लोगों के चालान काट रही है और उनको जागरूक भी कर रही है की भारी वाहन अपनी निर्धारित लाइन में चलें और ओवर स्पीड से न चलें ! बात अगर जनवरी से अभी तक की करें तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा 4321 चालान उन लोगों के कटे गए हैं जो भारी वाहन अपनी लाइन की जगह दूसरी लाइन में चलते है ! वहीं 239 चालान उन लोगों के कटे गए हैं जो ओवर स्पीड चलते है ! तो वहीँ 10 चालान ऐसे लोगों के कटे गए हैं जिनके लाइसेंस एक्सपायर हो चुके हैं! वहीं बात अगर सीट बेल्ट के चालान की की जाये तो जनवरी से अब तक 1421 चालान काटे जा चुके हैं।

# वेश्यावृत्ति के आरोप में एक महिला को लिया हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल पुलिस** ने रविवार रात को ओयो होटल पर रेड की। इस दौरान होटल में कोलकाता की एक महिला को वेश्यावृत्ति करते पाया गया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर होटल संचालक व मैनेजर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि नारनौल के सिंघाना रोड पर सुभाष पार्क के नजदीक ओयो होटल में बाहर से महिलाएं बुलाकर वेश्यावृत्ति कराई जाती है। सूचना के आधार पर डीएसपी जितेंद्र ने महिला थाना पुलिस की टीम गठित की।

# वेतन बढ़ोतरी को लेकर विज से मिले स्वंयसेवक



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अंबाला** छावनी की शास्त्री कालोनी स्थित गृहमंत्री अनिल विज के निवास पर शिक्षा स्वंय सेवक मानदेय में वृद्धि को लेकर तथा कार्यकाल को निंरतर बनाए रखने की मांग करते हुए उनसे मिलने पहुचें। इस अवसर पर निशा, मंजीत, मधु, पूजा,अनु, ज्योति व अन्य ने बताया कि शिक्षा स्वयं सेवक विपरीत परिस्थितियों में भी इन बच्चों को चिन्हित करके शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित करने का कार्य करते हैं तथा स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने में हमारा विशेष योगदान है। इसके बदले हमें 9000 रुपए प्रति माह के हिसाब से मानदेय मिलता है। जिससे हमारे परिवार का गुजारा भी नहीं चलता है। हम अब तक 18000 से 20000 बच्चों को मुख्यधारा में ला चुके हैं। ड्रॉपआउट की दर को कम करने में हमारा अहम योगदान है तथा सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने में भी हमारा महत्त्वपूर्ण योगदान है इसके बाद भी हमें 9 महीने बाद अप्रैल महीने में कार्यभार से मुक्त कर दिया जाएगा। जबकि हमारे पड़ोसी राज्य पंजाब की सरकार ने हमारी तरह लगे शिक्षा स्वयं सेवकों को नियमित करने काम किया लेकिन हरियाणा सरकार हरियाणा में लगे 779 शिक्षा स्वयं सेवकों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही। 31जनवरी को चंडीगढ़ में भी ज्ञापन पत्र के माध्यम से शिक्षा मंत्री जी के तथा 19 मार्च को बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला व पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली के सामने अपनी मांग रख चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी कोई कारवाई नही हुई। उन्होनें गृहमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि वर्तमान में कार्यरत शिक्षा स्वयं सेवकों के अनुभव को देखते हुए हमारे कार्यकाल को निरंतर बनाएं रखने और मानदेय में वृद्धि करने का कष्ट करें। जिससे हमारे परिवार का गुजारा भी आसानी से चल सके और स्कूल के बच्चों से हमारी कैनेक्टिविटी बनी रहे। बच्चें फिर से ड्रॉप आउट ना हो सके।

# 5 महीने बाद भी विवाहिता की शिकायत पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

## पत्नी पवनीत व 7 साल के मासूम बेटे को छोड़कर विदेश जा बैठा जंडली का वीरेंद्र पाल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर की शक्ति कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता पवनीत कौर ने पुलिस को अपने ससुरलियों के खिलाफ शिकायत दी है कि उसका पति विरेंद्र पाल , ससुर जरनैल सिंह , सास अमरजीत कौर , ननद परमिंद्र कौर व ननदोई जगजीत सिंह निवासी लुधियाना उसे दहेज के लिए तंग करते है और उसे जान से मारने की धमकी देते है। पवनीत ने बताया कि उसकी शादी 13 दिसंबर 2015 में विरेंद्र पाल से हुई थी। पवनीत ने बताया कि विवाह के कुछ वर्ष बाद ही उसका पति व ससुराल पक्ष ने उसे दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। विवाह के एक वर्ष बाद पवनीत को बेटा हुआ जिसका खर्च भी पवनीत के पिता हरभजन सिंह ने दिया। जिसके बाद अगस्त 2018 में पवनीत भी अपने पति के साथ ईटली चली गई लेकिन वहां पर उसके पति ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसके साथ मारपीट कि। इसी दौरान 2019 में पवनीत को विरेंद्र ने ससुराल की बजाय अपने घर रजौली जाने को कहा। पवनीत के ससुरालियों ने उसे घर रखने से मना कर दिया और अपने घर जाने को कहा। जिसके बाद पवनीत के पिता ने उसका ईलाज करवाया और अगस्त 2020 में पवनीत के माता पिता उसे उसके ससुराल में छोड़ गए। पवनीत ने आरोप लगाया कि उसके सास ससुर उसे तंग करने लगे और उसे खर्च भी नहीं देते। इसके साथ ही उसे घर से निकालने की धमकी देते थे।
जिसके बाद पवनीत उसकी माता की बीमारी के चलते अपने घर गई।

# सैकड़ों की संख्या में किसान दिल्ली के लिए हुए रवाना

## किसान संयुक्त मोर्चा की कॉल पर दिल्ली कूच कर रहे



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) सुबह** अंबाला से अनेक किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महापंचायत के लिए रवाना हुए। किसान दिल्ली राम लीला मैदान में बड़ी किसान महापंचायत करने जा रहे हैं। किसान संयुक्त मोर्चा की कॉल पर दिल्ली कूच कर रहे हैं। आज अंबाला से भी किसान भारी संख्या में दिल्ली के लिए ट्रेनों व अपने वाहनों के जरिये रवाना हुए। किसानों का कहना है कि 2020 - 21 में तीन कृषि कानूनों के विरोध की समाप्ति पर सरकार से टरढ गारंटी कानून,कर्जा माफी,अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ कार्रवाई जैसी कई बातों पर सहमति बनी थी लेकिन उन मांगो पर गौर नही किया गया। जिसके चलते किसानों को महापंचायत करनी पड़ रही है। किसान नेताओं ने कहा कि आज संयुक्त किसान मोर्चा के आहान पर किसान दिल्ली रामलीला मैदान जा रहे है। एमएसपी गारंटी कानून, लखीमपुर खीरी मे मारे गए किसान को इंसाफ दिलवाने और भी अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। किसानों ने कहा साथ ही आंदोलन को मजबूत करने को लेकर आगे की रणनीति बनाई जायेगी। अगर सरकार हमारी बात नही मानती तो एक बार फिर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जायेगा। इस अवसर पर गुरमीत सिंह माजरी, भाकीयू शहीद भगत सिंह, जिला अध्यक्ष, वजिन्दर कम्बोज, मेम्बर कोर कमैटी, भाकीयू शहीद भगत सिंह ने बताया कि पहले भी वह अपनी मागों को लेकर लबां सघर्ष कर चुके है। लेकिन सरकार द्वारा ठोस कारवाई नही की गई।
उन्होनें कहा कि आज की पंचायत में देश भर से लोग यहां पहुचेंगें।

# विधायक ने विधानसभा में उठाए विभिन्न मुद्दे

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**नांगल** चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने हरियाणा विधानसभा में शुन्यकाल के दौरान क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने हाल ही में खनन विभाग द्वारा किसानों की निजी कृषि भूमि पर खनन नीलामी संबंधी अधिसूचना का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार के पास खनिजों के दोहन का अधिकार होते हुए भी जनभावना के विरोध में प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कोई काम नहीं किया जा सकता। उन्होंने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि जन भावनाएं जनशक्ति का आधार होती है और इसी जनशक्ति के आधार पर ही उन समेत सभी जन प्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व मिलता है। अतः किसानों के हित को देखते हुए विधायक ने खानों की उक्त नीलामी को तुरंत बंद करने का अनुरोध किया तथा इसके साथ ही किसी वरिष्ठ अधिकारी को मौके पर भेजकर स्थिति की सही रिपोर्ट करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने इस संबंध में ग्रामीणों के लिखित आवेदन के साथ एक ज्ञापन मुख्यमंत्री जी को व्यक्तिगत रूप से सौंपा तथा खनन मंत्री ने विधायक को आश्वस्त किया है कि इस विषय को गंभीरता से निपटाया जाएगा।
डॉ यादव ने रविवार को क्षेत्र में हुई भारी बारिश एवं ओलावृष्टि की जानकारी देते हुए सरकार से अनुरोध किया कि तुरंत स्पेशल गिरदावरी के आदेश देते हुए किसानों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा भारी बारिश ने गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है। वहीं जिन गांवों में ओलावृष्टि हुई है वहां सभी फसलें नष्ट हो गई हैं।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
अंबाला
(मनीष)
मो. नं.: 9896772006

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं.: 9466035040

# कथा में उमड़ा जनसैलाब, भरत मिलाप, शबरी प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावुक







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राम कथा** के छठें दिन साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से किया राम भरत मिलाप, शबरी प्रसंग का वर्णन जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए। और अपने आंसू नहीं रोक पाए।
बाहरी दिल्ली के नरेला में विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा दिव्य श्री राम कथा व 51 कुंडीय महारुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महारुद्र यज्ञ में प्रतिदिन 51 यजमान वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन कर आहुति डाल रहे हैं। वहीं दिव्य श्री राम कथा के छठे दिन साध्वी ऋतंभरा ने अपने मुखारविंद से राम भरत मिलाप, शबरी प्रसंग सुना कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। नरेला के रामलीला ग्राउंड में विहिप नरेला जिला द्वारा हिंदू नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत रोजाना महारुद्र यज्ञ, दिव्य रामकथा का आयोजन हो रहा है। इस 51 कुंडीय महारुद्र यज्ञ में समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा व उनकी धर्मपत्नी मुख्य यजमान बने। साथ ही 50 अन्य यजमानो ने वैदिक मंत्रोचार

## 22 को कवि सम्मेलन...

**= 22 तारीख को विशाल कवि सम्मेलन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब तीस हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी: मनोज बंसल**

के साथ परिवार सहित हवन पूजन कर आहुति डाली और यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिया। छठे दिन की दिव्य राम कथा में साध्वी ऋतंभरा ने अपनी चिर परिचित मंत्रमुग्ध कर देने वाली दिव्य शैली में श्री राम भरत मिलाप, शबरी प्रसंग सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक पाए। कथा में उन्होंने कहा कि धीरज धर्म मित्र अरु नारी आपद काल परके चारी... प्रसंग में कहा कि कलयुग में भरत जैसा भाई मिलना मुश्किल है। जिस घर में राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न जैसे भाई रहते हैं, वहां स्वर्ग और लक्ष्मी का वास होता है। भरत का अद्वितीय प्रेम प्रकट करने वाला भरत मिलाप प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला उपाध्यक्ष मनोज बंसल ने बताया कि मंगलवार को सुबह10 बजे दीदी साध्वी ऋतंभरा भक्तों को दीक्षा प्रदान करेंगी। वही 22 तारीख को विशाल कवि सम्मेलन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें करीब तीस हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान कथा पंडाल में हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से भगवान की कथा का रसपान किया।









# क्रांतिकारियों को शहीद का मिले दर्जा: परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादी** के मतवाले भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर एंग्री मैन का खिताब पा चुके व नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने केंद्र सरकार से अपील की।
पम्मा ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के एक आदर्श हैं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करके इस देश की आजादी के लिए खुद फांसी पर चढ़ गए। उन्होंने कहा इतने समय में काफी सरकारें तो बदली पर व्यवस्था वहीं की वही रही। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि हमारा फर्ज



बनता है कि जिन्होंने देश के लिए कुबार्नी दी है उनको हम हमेशा याद रखें। सरकार को चाहिए कि 23 मार्च बलिदान दिवस के उपलक्ष पर इन्हें शहीद का दर्जे की घोषणा की जाए।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय पर हुई बैठक







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी लोकसभा** चुनाव की तैयारियों को लेकर अलग-अलग वार्डो के बूथ प्रबंधन की बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान शकुरपुर व केशवपुरम की बैठक हुई। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से विचार लिए गए और 31 मार्च तक योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। राष्ट्पति के द्वारा संसद में दिये गए भाषण को भी जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा और बूथ पर जाकर लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों की जानकारी देनी होगी, जिससे की लोग भाजपा के कार्यों व नीतियों को बेहतर तरीके से जान सके। श्री नागपाल ने यह भी बताया कि राष्ट्पति के द्वारा संसद में दिये गए भाषण को भी जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूरा किया जायेगा। इस मौके पर निगम पार्षद किशन बेमाड के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सावन पार्क में खाटू श्याम जागरण के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी, एचसी यादव व अन्य।

# आप राज में दिल्ली की दशा हो रही है खराब: अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जो अपने किए गए कामों की जानकारी और प्रशंसा स्वयं ही आउटकम बजट के तहत करती है। केजरीवाल सरकार बजट को प्रत्येक वर्ष करोड़ो रुपये बढ़ाकर तो पेश करती है परंतु दिल्ली की हाल बदहाल बना हुआ है। क्या केजरीवाल भ्रष्टाचार को अंजाम देने के लिए बजट में करोड़ों रुपये की बढ़ोत्तरी करते हैं और दूसरे राज्यों में चुनाव के खर्चें की भरपाई दिल्ली के करदाताओं के पैसे से करते है। उन्होंने कहा कि 2021-22 का बजट 69,000 करोड़, 22-23 का बजट 75,800 करोड़ और इस वर्ष का बजट लगभग 80,000 करोड़ का होने की उम्मीद है।
दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि वर्ष 2022-23 का रोजगार बजट दिल्ली सरकार ने पेश किया था जिसमें 20 लाख रोजगार सृजन करने का लक्ष्य था जिस पर वर्तमान वित्त मंत्री कैलाश गहलोट ने आउटकम बजट में कोई जिक्र नहीं किया है।
केजरीवाल सरकार द्वारा रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित करने के बावजूद दिल्ली में बेरोजगारी में विश्व में नम्बर वन पर है।



जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा जनता की समस्याओं को सुनते हुए।

# न्यू अशोक नगर में युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन हुआ संपन्न

## सम्मेलन में लगभग 144 युवक-युवतियों के बायोडाटा आए और 76 बेटे और बेटियां उपस्थित रहेः देवराज कोली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय कोली समाज नई दिल्ली शाखा द्वारा दिल्ली/एनसीआर में कोली-कोरी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन कोली समाज भवन, न्यू-अशोक नगर दिल्ली में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार माहौर ने की। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली प्रदेश महामंत्री जयपाल सिंह कोली व संजय कुमार भारतीय ने की। सम्मेलन में लगभग 144 युवक-युवतियों के बायोडाटा आए और 76 बेटे और बेटियां भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में







राष्ट्रीय मंत्री देवराज कोली, राष्ट्रीय खजांची एडवोकेट विजय कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चरण सिंह माहौर, संतोष दास, एड. हेम कुमार माहौर, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनपाल माहौर, प्रीतम सिंह माहौर, प्रदेश कोषाध्यक्ष नन्ने बाबू (पप्पू), प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा सुदेश माहौर, प्रदेश संगठन मंत्री हरिओम माहौर, मीडिया प्रभारी हेमन्त कोली, प्रदेश मंत्री पूनम माहौर, विवेकानंद कोली, सह-कार्यालय प्रमुख श्याम लाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम सिंह, किशोरी लाल नेताजी, रुपचंद कोली, जिला अध्यक्ष आनन्द स्वरूप माहौर, रामजीलाल कोली, राजबीर कोली, नरेन्द्र कोली, पूरन चंद बिंदोरिया, सत्यप्रकाश माहौर, विशेष आमंत्रित सदस्य विशन चंद्रा, ओ.पी. कोली, कौशल्या कोली, उषा योगेन्द्र माहौर, गुजरात प्रदेश से परवीन भाई, एडवोकेट चेतन कुमार, गजेन्द्र सिंह, कुमर पाल माहौर, केदारनाथ, मेघ सिंह आदि सामाजिक लोग सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# रंकबन्धु साहित्य अकादमी का लोकापर्ण एवं अलंकरण समारोह आयोजित



**फरीदाबाद।** रंकबन्धु साहित्य अकादमी का लोकापर्ण एवं अलंकरण समारोह डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अकादमी के चेयरमैन आचार्य प्रकाश चन्द्र फुलोरिया की 5 पुस्तकों - ऋषियों की वाणी दोहों में जाणी, दोहा लेखन कला, हिन्दी का शुद्व प्रयोग, मंच संचालन कला तथा फुलोरिया वंश वृक्ष का लोकार्पण हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद तथा डिवाईन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एस.एस. गोसाई थे तथा समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत प्राचार्य तारादत फुलोरिया ने की। समारोह में शिविद देव प्रसाद भारद्वाज ग्राम प्रधान कमला फुलोरिया तथा वॉयस आफ फरीदाबाद के समूह सम्पादक सौरभ भारद्वाज का सानिन्ध्य मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन तथा शिरडी साई बाबा स्कूल के बाल कलाकारों द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। अकादमी के महासचिव अम्बादत्त भटट् ने अकादमी का संक्षिप्त परिचय दिया। अकादमी के चेयरमैन तथा पुस्तक के लेखक आचार्य प्रकाश चन्द्र फुलोरिया ने अपनी पांचों पुस्तकों का संक्षिप्त परिचय देते हुए आगन्तुकों का धन्यवाद किया। साहित्यकार डॉ. अन्जु दुआ जैमिनी ने फुलोरिया वंशवृक्ष पुस्तक पर चर्चा करते हुए फुलोरिया वंश वृक्ष को वटवृक्ष की संज्ञा दी। अकादमी द्वारा वर्ष 2019 से 2022 तक के चार वर्षो के लिए सेवा, शिक्षा और साहित्य में उल्लेखनीय योगदान करने वाले 12 विभूतियों को इस समारोह में अलंकृत किया गया। समारोह में सेवा के क्षेत्र में ललित कुमार झाम्ब, वीनू शर्मा, रीना मलिक तथा यशपाल रावत को झरंकबन्धु सेवा शिरोमणि सम्मानइ से अलंकृत किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अशोक सिन्हा, इउदारइ, प्रोफेसर चन्द्रभानु आर्य, डॉ. सविता भगत तथा डॉ. मधु पाराशर को झरंकबन्धु शिक्षा शिरोमणि सम्मानइ से अलंकृत किया गया तथा साहित्य के क्षेत्र में डॉ. घमण्डी लाल अग्रवाल, प्रकाश लखानी , सुदर्शन रत्नाकर तथा पूरन चन्द्र काण्डपाल को झरंकबन्धु साहित्य शिरामणि सम्मानइ से अलंकृत किया गया। ग्राम प्रधान कमला फुलोरिया ने अपने सम्बोधन में फुलोरिया वंश का प्रधानमंत्री को भेंट करने का सुझाव दिया ताकि वह झमन की बातइ में इस गॉव का भी जिक्र करें। मुख्य अतिथि एस.एस.गोसाई ने सभी पुस्तकों को छात्रों के लिए उपयोगी बताया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में तारादत्त फुलोरिया ने कहा झ्यह पुस्तक गॉव का स्मृति पुंज है, भविष्य में यह पुस्तक गॉव के लिए अभिलेख का काम करेगी। समारोह को सौरभ भारद्वाज, डॉ. सविता भगत आदि वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए सभी पुस्तकों को समाजोपयोगी बताया। समारोह में मान्या फुलोरिया का भरत नाट्यम नृत्य तथा कोमल बिष्ट एवं बाल कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियॉ ने दर्शकों से खूब तालियॉ बटोरी।

# क्राइम ब्रांच ऊंचागांव ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तालिम, यासिर तथा तालीम का नाम शामिल है। आरोपी तालिम पुत्र कोले मेवात के गोकुलपुर का रहने वाला है वहीं आरोपी यासिर तथा तालीम पुत्र साहुन राजस्थान के भरतपुर एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूरजकुंड ट्रैक्टर चोरी के मामले में सबसे पहले आरोपी तालिम को गिरफ्तार किया था



जिसने उसने अपने गांव के रहने वाले अज्जरूद्दीन के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी जिसे पकडने के दौरान क्राइम ब्रांच पर आरोपी अज्जरूद्दीन तथा उसके साथियों ने हमला कर दिया था। पुलिस द्वारा उस मामले में आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है। वहीं आरोपी तामील ने अपने दो अन्य साथियों के बारे में क्राइम ब्रांच को जानकारी दी जिसके पश्चात क्राइम ब्रांच ने उक्त दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ चोरी के 6 मुकदमे दर्ज हैं जिसमें आरोपियों ने मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर चोरी किए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### फैमिली आईडी से परेशान विकलांग, विधवा व बुजुर्गो के घर खुद प्रशासन को पहुंचना पड़ेगा

रोहतक । पिछले दिनों गांव मदीना से विकलांग राजकर्ण दांगी(9467601699) व उनकी विधवा भाभी गुड्डी दांगी(9467601699) ओर रोहतक से राम कुमार जांगड़ा(9466278698) की फैमिली आईडी में हुई गड़बड़ी की वजह से अधिकारियों द्वारा पीला राशन कार्ड काट दिया था और कही भी सुनवाई न होने के बाद ये जयहिन्द के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। एक सूचना के मुताबिक जिसके बाद प्रशासन ने इनके घर पर जाकर इनकी समस्या का समाधान किया। इसके बाद नावीन जयहिन्द ने एक नंबर (7027-811-811) जारी करते हुए बताया था कि अगर किसी विकलांग, विधवा व बुजुर्ग को फैमली आईडी की वजह से पेंशन, राशन कार्ड व आय सम्बंधित समस्या हो तो हमे कॉल करके बताए। इसे लेकर जयहिन्द के पास सैकड़ो फोन आ चुके है। और सभी फरियादी मंगलवार 21 मार्च, दोपहर 12 बजे, सेक्टर-6 बाग, राजीव गांधी स्टेडियम के सामने(रोहतक) जयहिन्द के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचेंगे अगर। मिली सूचना के मुताबिक जयहिन्द ने कहा अगर प्रशासन ने उनके घर पहुंचता है और समस्या का समाधान करता है तो प्रशासन प्रशन्सा के काबिल है वरना जल्द ही हम इन सबको लेकर पहले डीसी ऑफिस ओर बाद में मुख़्यमंत्री आवास पर जाएंगे।

### समिति ने वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि.) फरीदाबाद द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 165 वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह आर्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, विशिष्ट अतिथि के रूप में हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, युवा नेता सचिन तंवर, बिट्टू बजरंगी, सुनील यादव, स्वामी वीर भद्र, रवि वर्मा, सम्पत्त सिंह लोधी, अभय लोधी, अर्जुन सिंह लोधी, उदयवीर सिंह लोधी, भाजपा नेता मनोज बलियान मौजूद थे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से समिति के संस्थापक-महासचिव लाखन सिंह लोधी, अध्यक्ष रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, होतीलाल लोधी, दीपक यादव, विजयपाल सिंह, लोधी, राजेश लोधी, सुधीर लोधी, पूरन सिंह लोधी, नंद किशोर लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अमरजीत रंधावा, माधवी सक्सेना, सुखदेवी लोधी, आशा लोधी, वीर सिंह, राजकुमार विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर आए हुए सभी अतिथियों ने अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक पर पौधारोपण भी किया। लाखन सिंह लोधी ने बताया अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के जबलपुर के पास मनकेड़ी के जमींदार राव जुझार सिंह लोधी परिवार में हुआ था, बचपन से ही शस्त्रों से लगाव था। इनका विवाह रामगढ़ के युवराज विक्रमा जीत सिंह के साथ हुआ जिनकी दो संतानें अमान सिंह और शेरसिंह थे। 1857 स्वतंत्रता संग्राम की पहली नायिका जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया, एफ.आर.आर. रैडमैन द्वारा 1912 में सम्पादित मण्डला गजेटियर में इनकी वीरता की गौरवगाथा अंकित है। 15 जनवरी 1858 के युद्ध में रानी के पलटवार से कैप्टन वाडिंग्टन तो अपनी जान बचाकर भाग गया परन्तु वाडिंग्टन का बेटा रोमियो नामक बालक मैदान में रह गया जिसे सहृदयता रानी ने अंग्रेजी कैम्प में अपने सैनिकों से भिजवा दिया।

### इसुजु मोटर्स आयोजित करेगा इसुजु आई - केयर प्री समर कैंप

**चंडीगढ़:** ईसुजु मोटर्स इंडिया अपनी इसुजु डी - मैक्स पिक अप और एसयूवी की रेंज के लिये देश व्यापी इसुजु आई केयर प्री समर कैंप का आयोजन करने जा रही है। इस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को देश भर में इस मौसम के दौरान झंझट मुक्त ड्राईविंग का अनुभव और प्रीवेंटिव मैंटेनेंस चैक्स प्रदान करवाना है। यह पहल 22 मार्च से 29 मार्च 2023 तक देश भर के इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेटों में उपलब्ध करवाई जायेगी।

इस दौरान ग्राहक अपनी गाड़ियों के लिये विशेष पैकेज का लाभ ले सकते हैं जिसमें 37 प्वाईंट चैक अप, निशुल्क टॉप वॉश और रेगेन, आरएसए की खरीद पर छूट और लेबर, पार्ट्स, ल्यिूब्स और फिल्यूड्स पर रियायत प्राप्त कर सकते हैं। प्री समर कैंप मोहाली समेत देश भर से सभी इसुजु अधिकृत डीलर सर्विस सेंटरों पर आयोजित किया जा रहा है।

# कबूतरबाजी के दो आरोपियों को 4-4 साल कैद की सजा

**फतेहाबाद:** कबूतरबाजी यानी विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंबरदीप सिंह की अदालत ने सोमवार को दो दोषियों को चार-चार साल की कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शहर थाना फतेहाबाद पुलिस ने 9 फरवरी 2016 को संदीप कुमार निवासी भट्टूकलां की शिकायत पर लखविंद्र सिंह निवासी भिरडाना व रामनारायण निवासी भट्टूकलां के खिलाफ गबन का केस दर्ज किया था।संदीप ने बताया था कि उक्त लोगों ने उसे स्टडी वीजा पर विदेश जाने का झांसा देकर उससे दो लाख रुपये ठग लिए। जब उसने रुपये वापिस मांगे तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# मोबाइल वैन से मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को किया जा रहा है जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी लोग स्वस्थ जीवन शैली के लिए खाने में मोटे अनाज का इस्तेमाल करें। वहीं फरीदाबाद जिला में दो मोबाइल वैन द्वारा मोटे अनाज उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में ये मोबाईल वैन गांव-गांव जाकर किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जागरूक कर रही हैं। डीसी विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया की जिस प्रकार हमारे परिवारो में बीमारियां बढ़ती जा रही है। उसको रोकने का



एकमात्र उपाय मोटा अनाज है जिसमें पौष्टिक फाइबर प्रचुर मात्रा में शरीर को प्राप्त होते हैं और बीमारियों से लड? की शक्ति शरीर को प्राप्त होती है। हमें चाहिए की धीरे-धीरे गेहूँ तथा धान की फसल से निकलकर बाजरा, जौ, रागी व कनकी जैसी फसलों पर आना चाहिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से मिलेट्स को बढ़ावा देने को लेकर समय-समय पर लोगों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाना बेहद आवश्यक है साथ ही साथ मिलेट्स जागरूकता कार्यक्रम को अधिकांश शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाना चाहिए। जिससे जहाँ किसान की आमदनी बढ़ेगी और शहरी क्षेत्रों में पनप रही बीमारियों से भी निजात मिलेगी। डीसी ने किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2022- 2023 के अंतर्गत अधिक से अधिक मोटे अनाज के उत्पादन का आह्वान किया और कहा की ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों के उत्पादन से फसल चक में भी विविधता आती है। इसका मुख्य लाभ यह होता है की मृदा के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। साथ ही इस मुहिम से आमजन के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा जिससे किसानों को आर्थिक स्तर पर भी लाभ होगा। फरीदाबाद जिला में मोटे अनाज अनाज की आवश्यकता के विषय में ज्ञान प्राप्त करके वे स्वयं भी अपने-अपने क्षेत्र के गांव में जाकर व किसानों को जागरूक कर रहे हैं तथा किसानों को मोटे अनाज की पैदावार के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है । कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा ने किसानो को आह्वान किया है कि समाज में फैल रही बीमारियों का मुख्य कारण हमारी आहार श्रृंखला में गेहूं एवं धान के नियमित सेवन रहा है।

# राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी (मैनेजमेंट प्रीमियर लीग -एम. पी. एल.) का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद।** **डी. ए.** वी. शताब्दी महाविद्यालय में दिनांक 18 मार्च 2023 को व्यवसाय प्रबंधन और पर्यटन विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी -मैनेजमेंट प्रीमियर लीग - (एम. पी. एल.) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न रायों व केंद्र शासित प्रदेश के अलग -अलग कॉलेजों से प्रतिभागियों की लगभग 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमती जयमाला तोमर जी ने शिरकत की, जो फरीदाबाद क्षेत्र से जुड़ी एक



ख्याति प्राप्त लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध यू -ट्यूबर हैं । श्रीमती तोमर जी बहुगुणी प्रतिभा की धनी हैं, जो अपने व्यवहार और व्यक्तित्व से पहचानी जाती हैं। उन्होंने डी. ए. वी. महाविद्यालय की प्रशंसा की और कहा कि यहां से शिक्षा पा कर छात्र - छात्राएं देश तथा विदेश में उचतम पदों पर आसीन होते हैं।

# शहीदों से प्रेरणा लें नशा मुक्ति में अहम भूमिका निभाएं युवा: आनंद शर्मा

**सिरसा।** भारतीय एकता छात्र संगठन व हरियाणा कला परिषद द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पंचायत भवन में एक शाम-शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा ने मुख्यअतिथि के रुप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजन मेहता ने की। इससे पहले अतिरिक्त उपायुक्त व समाजसेवी राजन मैहता ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिषद सदस्यों द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त को पर्यावरण संरक्षण प्रतीक गमला भेंट कर सम्मानित किया गया।

# सिर की चोट से बचाव एवं रोकथाम के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं जागरूकता के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा रोटरी क्लब, फरीदाबाद के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्ल्ड हेड इंजरी अवेयरनेस डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सिर की चोट होने पर चिकित्सा और सर्जिकल प्रबंधन की जानकारी भी दी गई। सिर की चोट पर जागरूकता दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य जनता को सिर की चोटों को लेकर जागरूक करना है। अधिकांश सड़क हादसों में मौत का कारण सिर की चोट होती हैं। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय तथा यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में एसवीसी कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, लाइफ फर्स्ट फाउंडेशन एनजीओ और अमृता अस्पताल, फरीदाबाद भागीदारी रहे। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में न्यूरोसर्जन के डॉ. सत्यकाम बरुआ और न्यूरो-एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. जे.एस. राहुल इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता रहे तथा विद्यार्थियों को सिर की चोटों से बचने और रोकथाम एवं उपचार के बारे में जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सिर में चोट लगने पर प्राथमिक उपचार के बारे में भी जागरूक किया और प्राथमिक उपचार तकनीकों का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग के बारे में भी जानकारी दी जो दुर्घटनाओं में सिर के आघात को काफी हद तक रोक या कम कर सकते हैं।

कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए छात्र कल्याण कार्यालय और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

इस कार्यक्रम का समन्वय डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल, वाईआरसी समन्वयक डॉ. नवीश कटारिया और सुश्री पूजा छोकर ने किया।

# डी प्लान के तहत करवाए जा रहे विकास कार्य

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि डी प्लान स्कीम के तहत करवाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों को विभागों के अधिकारी यथाशीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह आज सोमवार को अपने कार्यालय में एक-एक करके डी-प्लान स्कीम के विकास कार्यों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि डी प्लान स्कीम के तहत जिस विभाग के अधिकारी को जो विकास कार्य करवाने का जिम्मेदारी मिली है। उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने जनरल कंपोनेंट, एससीएसपी



कंपोनेंट और दोनों कंपोनेंट के विकास कार्यों की एक-एक करके जिला विकास एवं पंचायत विभाग एचटीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से एक-एक करके विकास कार्यों की समीक्षा की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। आपको बता दें कि डी प्लान स्कीम के तहत जिला फरीदाबाद में 469 विकास कार्यों में से 356 विकास कार्य पूरे कर दिए गए हैं।वहीं 113 विकास कार्यों पर कार्यों को क्रियान्वित किया जा रहा है। डी प्लान स्कीम के विकास कार्यों के लिए 28 करोड़, 51 लाख, 80 हजार, 390 रुपये की धनराशि की मंजूरी सरकार द्वारा दी गई है। जिसमें से 23 करोड़, 65 लाख, 84 हजार, 486 रुपये की धनराशि के विकास कार्य पूर्ण करवाए जा चुके हैं। इस धनराशि के अनुसार 82 पॉइंट 96 प्रतिशत विकास कार्य पूरे करा दिए गए हैं। वहीं चार करोड़, 85 लाख, 95 हजार, 904 रुपये की धनराशि के विकास कार्य बकाया है। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसईयूटी सोनू भट्ट व जिला विकास एवं पंचायत, एचटीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करें युवा: विनय प्रताप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**नेहरू** युवा केंद्र , चंडीगढ़ द्वारा सोमवार को युवा उत्सव भारत @ 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेक्टर -42 स्थित पोस्ट ग्रैजुएट गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय आधारित भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, फोटोग्राफी, पॉयटरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में योगेश शर्मा ने प्रथम, रितिका ठाकुर ने दूसरा, वाटिका परमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वही पायटरी में रोजी ने प्रथम, ममता कुमारी ने द्वितीय, सीनम रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में सपर्श राणा , सौम्या सिंह, तरणप्रित कौर ने क्रमशः पहला दूसरा व




तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में सिमरन, गुरनूर बदी व गीतांजलि कश्यप ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गवर्मेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर 11 की टीम ने प्रथम व गवर्मेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर 42 की टीम ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों को कैश अवार्ड, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन के विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें विभागों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ साथ चंडीगढ़ में चल रहे विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुपस ने भी अपनी प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित की। चंडीगढ़ उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए विनय प्रताप सिंह ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में सरकार ने जो पांच प्रण किए है उनको साकार करने की जिम्मेदारी आज के युवाओं की बनती हैं क्योंकि आज का युवा 2047 में भारत को पुनः विश्वगुरू बनता देखेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया की वे अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करना सीखें। हमारी सांस्कृतिक विरासत बहुत ही गौरवशाली हैं इसके बारे में जाने और इसे और ज्यादा समृद्ध करने में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक हमारे देश ने गुलामी झेली लेकिन अब धीरे धीरे गुलामी के उन सभी प्रतिकों को मिटाया जा रहा हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने कहा कि सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अमृतकाल के पांच प्रणों विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता, नागरिक कर्तव्य से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं।

# प्रदेश की 20 प्रतिशत से ज्यादा फसल मौसम की मार से बर्बाद: आप

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से हुए गेहूं और सरसों की फसलों के नुकसान की गिरदावरी करवाने की मांग की है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मौसम के बदलाव से रेवाड़ी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, नारनौल, चरखी दादरी, रोहतक और भिवानी में सरसों और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पूरे प्रदेश में 20% से ज्यादा फसल को मौसम की मार की वजह से नुकसान



पहुंचा है। वहीं रोहतक जिले में भी बारिश, ओला वृष्टि और तेज हवाओं से 50 प्रतिशत गेहूं की खड़ी फसल गिर गई। वहीं 40 प्रतिशत सरसों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों को दोहरी मार पड़ी है। हरियाणा में इस बार एमएसपी बढ़ाने से उत्साहित किसानों से चार लाख एकड़ ज्यादा में सरसों की बुआई की थी। हरियाणा में साल 2022-23 के दौरान सरसों की खेती 18.16 लाख हेक्टेयर भूमि में की गई थी, वहीं गेहूं का रकबा 22.9 लाख हेक्टेयर है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि बेमौसम बारिश ने किसान परिवारों को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी में फसल नुकसान के कारण एक किसान पवन की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। वहीं झज्जर में एक महिला किसान की तबीयत बिगड़ गई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 21 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## बारिश का कहर: किसानों को मिलेगा मुआवजा

### प्रदेश में हो रही बारिश, सीएम योगी ने राहत कार्य के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश हो रही है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि का असर किसानों पर पड़ रहा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में हो रही बारिश, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि के कारण जन हानि और पशु हानि एवं फसलों में हुए नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा राशि तत्काल वितरण कराएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में भ्रमण करें। जलभराव आदि की समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने राहत आयुक्त एवं प्रमुख सचिव नगर विकास को अधिकारियों द्वारा फील्ड में सर्वे



करने एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

**जनहानि व बर्बाद फसल का किसानों को मुआवजा दे सरकार :** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुई जनहानि और किसानों की हजारों एकड़ बर्बाद हो गई फसलों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है। इस समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि प्रदेश के इलाकों में भारी बारिश और आंधी से लोग असमय ही काल के गाल में समा गये और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। श्री सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से जिन छह लोगों की जान चली गई है, उनके परिजनों को 50-50 लाख की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि असामयिक ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों, मसूर व मटर की फसल के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि कुदरत के कहर ने किसानों की खून पसीने से सींची हुई फसल को बर्बाद और तहस-नहस कर दिया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक बोझ तले दबने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से यह भी मांग कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों का आकलन कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

**निर्देश**

- जन हानि और पशु हानि एवं फसलों में हुए नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा राशि तत्काल वितरण कराएं

## मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि से कई जिलों में फसल तबाह

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मध्य प्रदेश** में पिछले एक सप्ताह से तेज बारिश-आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है। कई जिलों में रविवार को बेर के आकार के ओले गिरे हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग, बुंदेलखंड, मालवा-निमाड़, महाकोशल और विंध्य क्षेत्र में जमकर ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। मंदसौर, डिंडौरी, खरगोन, रायसेन, आगर-मालवा, शिवपुरी, ग्वालियर के घाटीगांव में तो सड़कों पर ओले गिरने से बर्फ की चादर बिछ गई। इससे खेतों में खड़ी गेहूं, चना और सरसों की फसल बर्बाद हो गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सोमवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। मार्च के महीने में दो बार तेज बारिश, ओले और आंधी का सिस्टम बना है। मार्च के पहले ही सप्ताह में 25 से ज्यादा जिलों में फसलें तबाह हो गई थी।

सरकार फसलों को हुए नुकसान का सर्वे भी करा रही है। पिछले एक सप्ताह से बिगड़े सिस्टम की वजह से गेहूं, चने और सरसों की फसलों पर असर पड़ा है। विभाग ने सोमवार को भी प्रदेश में आम तौर पर ऐसा ही मौसम रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में मौसम बदला हुआ रहेगा।

## न्यूज फ्लैश

### चंबल नदी हादसा: छह शव बरामद

**मुरैना:** शिवपुरी जिले के कोलारस ग्राम चिलावत थाना तेंदुआ से कुशवाह समाज के 17 लोग शनिवार को चंबल नदी पैदल पार करते समय हादसे के शिकार हुए थे। इनमें से दस लोग बच निकले थे, जबकि सात नदी में डूब गए थे। अब तक छह के शव एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दल ने खोज निकाले हैं। अब सिर्फ12 वर्षीय बालक लापता है। जिसकी तलाश एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का दल कर रहा है। सोमवार की सुबह बृजमोहन कुशवाह का शव खोज लिया गया। बृजमोहन का शव घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर गहरे पानी में मिला। तीन दिन में छह शव खोज लिए गए हैं। कमिश्नर दीपक सिंह, एडीजी डीश्रीनिवास, कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, एसडीओपी सबलगढ गुरूवचन सिंह घटनास्थल रातभर रहकर रेस्क्यू करा रहे हैं। रेस्क्यू कार्य में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 80 अधिकारी, कर्मचारी अलग-अलग आठ बोट के सहारे रेस्क्यू कर रहे हैं। इनको स्थानीय गोताखोर व ग्रामीणों का सहयोग भी मिल रहा है।

### आयकर विभाग का बिल्डर-सर्राफा कारोबारी के ठिकानों पर छापा

**ग्वालियर:** आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने सोमवार सुबह शहर में बिल्डर और सरार्फा कारोबारी पारस जैन और विष्णु जैन के ठिकानों पर छापा मारा है। इसके अलावा बंटी कैटरर्स और अन्य के यहां भी इंदौर से आई टीम ने दबिश दी है। यहां अलसुबह 4 बजे से छापामार कार्रवाई जारी है। अधिकारी दस्तावेजों की छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीम की अलग-अलग टीमों ने सोमवार तड़के करीब 4.00 बजे सुबह शहर के सराफा कारोबारी व बिल्डर्स पारस और विष्णु जैन के करीब 20 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की। अचानक हुई इस कार्रवाई से शहर के सर्राफा कारोबारी सहित बिल्डर्स में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग की टीम जब पारस और विष्णु जैन के घर व प्रतिष्ठानों पर पहुंची तो परिवार के सभी लोग सो रहे थे। टीम को देखकर सभी के होश उड़ गए। जैन बंधुओं के करीब 20 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की जा रही है। आईटी टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी सुरक्षा के लिए मौजूद है। पारस जैन, विष्णु जैन शहर के प्रसिद्ध सराफा कारोबारी व बिल्डर्स हैं। इनकी मुरार में सराफे का शोरूम है। इसके साथ ही शहर की कई कालोनियों व भवनों का इन्होंने निर्माण किया है।

### पार्किंग में लगी आग, दो कारें जलकर खाक

**सागर:** गोपालगंज थानाक्षेत्र के मेडिकल कॉलेज रोड पर चार्टड बस स्टैण्ड परिसर में सोमवार तड़के सुबह आग लग गई। आग से वहां खड़ी तीन कारें आग की चपेट में आ गईं। दो कारें तो पूरी तरह से जल गई, जबकि तीसरी कार में लगी आग को समय रहते काबू कर लिया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चैतन्य हॉस्पिटल के बाजू में बनाए गए चार्टड बस स्टैण्ड परिसर में बनाई गई अवैध पार्किंग में खड़ी कारों में एकाएक आग की लपटे उठने लगीं। सुबह करीब पौने पांच बजे वहां मौजूद कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी, जिसके बाद कटरा, मोतीनगर और पुलिस लाइन से फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। परिसर में पार्क की गई कारों में आग की लपटे उठ रही थीं।

## इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवॉर्ड में उत्तराखंड शीर्ष पर



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून/ऊटी**

**उत्तराखंड** की गूंज इंडियन रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवॉर्ड 2023 में ऊटी में शीर्ष पर रहा। अवॉर्ड समारोह में प्रदेश के विभिन्न होमस्टेज, गेस्ट हाउस एवं होटल को रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। हाल के वर्षों में उत्तराखंड के होम स्टेज ने देश के कोने कोने से आए पर्यटकों को सुखद प्रवास प्रदान करने के साथ उन्हें राज्य की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के अलावा राज्य के स्वादिष्ट व्यंजनों के जरिए उनका मनमोह कर उन्हें उत्तराखंड बार बार आने को प्रेरित किया है। पर्यटक सुविधाओं में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए इन होम स्टेज में चंबा स्थित एचटूओ हाउस को गोल्ड मेडल, भीमताल स्थित द रिट्रीट को सिल्वर मेडल के साथ पुरस्कृत किया गया। पौड़ी गढ़वाल में इसोती स्थित वन्स टू वाच होम स्टे को भी बेहतरीन प्रवास प्रदान करने के लिए पुरस्कृत किया गया है।

## 'उप्र की योगी सरकार में कानून व्यवस्था हुई ठीक'



**टीम एक्श इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने योगी आदित्यनाथ सरकार की तारीफ की। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। कानून व्यवस्था खराब होने से कोई उद्यमी निवेश करने नहीं आता। अब उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है। इस दौरान उन्होंने एक देश- एक कानून की व्यवस्था को जायज ठहराया। पूर्व राज्यपाल व भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। कानून व्यवस्था खराब होती है तो कोई निवेश करने के लिए इच्छुक नहीं होता। इस सरकार ने कानून व्यवस्था ठीक किया है। आज उत्तर प्रदेश का छह लाख 90 हजार करोड़ का बजट हो पहुंच गया है। नाईक ने उप्र में राज्यपाल के रूप में बिताए अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि हमने राज्यपाल शब्द से पहले महामहिम के प्रयोग को रोकने का आग्रह किया। राजभवन का दरवाजा आम जन के लिए खोला था। महाराष्ट्र में यूपी दिवस मनाया जाता था लेकिन राज्यपाल बनकर उत्तर प्रदेश आया तो पता चला कि यहां की सरकार उप्र का स्थापना दिवस नहीं मनाती। यह आश्चर्यजनक था। मैंने तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आग्रह किया। उन्होंने नहीं माना। भाजपा सरकार आने पर मुख्यमंत्री योगी से आग्रह किया। उन्होंने माना और अब प्रदेश में उसका स्थापना दिवस मनाया जाता है।



देश के विभिन्न क्षेत्रों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि का असर किसानों पर पड़ रहा है। खेतों में ओले गिरने के बाद सफेद चादर बिछ गई है।

## उत्तराखंड: नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाए जाएंगे चैत्र नवरात्र

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**दो दिन** बाद से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र को इस बार राज्य भर में नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक जिले में देवी उपासना के कार्यक्रम किए होंगे। इसके लिए संस्कृति विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को एक-एक लाख रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। संस्कृति विभाग के सचिव हरिचन्द्र सेमवाल ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाएगी। वैदिक और पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि और मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अत: चैत्र नवरात्रों की उत्तराखंड राज्य में व्यापक धार्मिक महत्ता के दृष्टिगत इस दौरान प्रदेश में सभी प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जाएगा। चैत्र नवरात्र की इन शुभ तिथियों में सरकार ने विशेष अभियान चलाते हुए उपरोक्त उद्देश्यों एवं जनभावनाओं को संजोये रखने के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों के प्रमुख देवी मन्दिरों / शक्ति पीठों में मातृशक्ति के सामर्थ्य और शक्ति का प्रतीक नवरात्र के अवसर पर 22 मार्च से 30 मार्च तक नवरात्र नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### फ्लाईओवर से नीचे गिरा कैंटर, तीन की मौत

**एटा:** जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र में सोमवार को एक कैंटर फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए 20 फुट नीचे जा गिरा। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इलाकाई लोगों ने घायलों को बाहर निकलवाया और हादसे की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार, अलीगढ़ से मैनपुरी की तरफ सोमवार को सुबह लगभग चार बजे कैंटर जा रहा था। कैंटर थाना पिलुआ क्षेत्र के ग्राम ततारपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा। इस हादसे में उसमें सवार कुल पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

## नवरात्रि पूजा में गोबर से तैयार कंडे बनेंगे आकर्षण का केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी में चैत्र नवरात्रि से पहले व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की दुकानें सज गई हैं। इस बार नवरात्रि में माता के श्रंगार सामग्री के साथ ही हवन में इस्तेमाल होने वाला गाय के गोबर से तैयार कंडा भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। राजधानी लखनऊ के देवी मंदिरों में नवरात्रि के दौरान होने वाले हवन-पूजन में उपयोग के लिए छोटे-बड़े आकार के कंडों को पैक कर बाजार में उतारा गया है। इनकी मांग भी खासी देखी जा रही है। विकास नगर के गुलाचीन मंदिर और देवी मंदिर के आसपास की दुकानों पर गाय के गोबर से बने कंडे पैकिंग में भक्तों के लिए उपलब्ध हैं। यहां आधा दर्जन या एक दर्जन कंडों वाले पैकेट बनाकर रखे गए हैं। हवन करते हुए इन कंडों का उपयोग करना अतिपावन बताया गया है। इसे बनाने वाले लोगों में डा. रविशंकर बताते हैं कि धार्मिक प्रवृति के लोगों में हवन करने की आदत होती है। नवरात्रि में हवन कड़ी संख्या में होता है। गोबर के कंडों के महत्व को देखते हुए हवन में इसका उपयोग बढ़ जाता है और साथ में बिक्री भी बढ़ती हैं। बताया कि गाय के गोबर से कंडों को बनाते हुए पहले उसे छोटे-बड़े आकार दिये जाते हैं और इसके बाद उसे धूप में सुखाकर जालीनुमा पैकेट में पैक किया जाता है। इसे फूल-माला की दुकानों पर भी देखा जा रहा है तो पंसारी की दुकानों पर भी यह उपलब्ध हो रहे हैं।

**आकर्षण**

- नवरात्रि के दौरान होने वाले हवन-पूजन में उपयोग के लिए छोटे-बड़े आकार के कंडों को पैक कर बाजार में उतारा गया

**सेहत का ध्यान** प्रदेश में जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है, देश में उत्तर प्रदेश जैविक खेती का हब बन रहा

## योगी सरकार में जैविक खेती का हब बन रहा उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मानव सेहत का भी ध्यान रख रही है। इसके लिए प्रदेश में जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि देश में उत्तर प्रदेश जैविक खेती का हब बन रहा है। आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-16 के सापेक्ष 2022-2023 में प्रदेश में जैविक खेती 13 गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हुई हैं। यही नहीं 15 जनपदों में क्रियान्वित जैविक खेती कार्यक्रम अब 63 जिलों में संचालित हो रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बेहद संजीदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जैविक खेती पर खासा जोर है।



सरकार जैविक खेती को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है। किसानों को तकनीकि की जानकारी देने के साथ ही क्लस्टर्स बनाकर उन्हें जैविक खेती से जोड़ भी रही है। यही नहीं जैविक खेती करने को इच्छुक किसानों को सरकार प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश भी उपलब्ध करा रही है। जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार का ज्यादा फोकस गंगा के किनारे के गांवों पर है। गंगा तटों पर स्थित 27 जनपदों में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ बुंदेलखंड के सभी सात जिलों में सरकार हो आधारित जैविक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इससे एक तरफ जहां निराश्रित गोवंश की समस्या का समाधान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ किसानों की खेती में आने वाली लागत कम हो रही है। साथ ही रसायनिक खादों के इस्तेमाल से होने वाली बीमारियों से भी किसानों का बचाव हो रहा है। लोकभारती के गोपाल के अनुसार योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि उत्तर प्रदेश में "परंपरागत कृषि विकास योजना" के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।

